NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-37, पृष्ठ : 12 | मंगलवार, 12 अगस्त, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# अमेरिका ने चीन पर एक्स्ट्रा टैरिफ टाला

## फैसले से पहले ट्रम्प बोले- मेरा जिनपिंग से अच्छा रिश्ता

**वाशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने के फैसले को एक बार फिर 90 दिनों के लिए टाल दिया है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि उन्होंने वर-चीन टैरिफ डेडलाइन 9 नवंबर तक बढ़ाने के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किया।

इससे पहले अमेरिका और चीन के बीच 11 मई को जिनेवा में ट्रेड डील हुई थी। इसमें टैरिफ बढ़ाने के फैसले को 90 दिन के लिए टालने की सहमति बनी थी। अमेरिका ने चीन पर फिलहाल 30% टैरिफ लगा रखा है। अमेरिका और चीन के बीच लंबा टैरिफ वॉर चला। ट्रम्प ने चीन पर 245% तक टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। चीन ने जवाब में 125% टैरिफ लगाने की बात कही। हालांकि, जिनेवा ट्रेड डील के बाद यह लागू नहीं हुआ। डेडलाइन बढ़ाने से कुछ घंटे पहले सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रम्प से चीन पर टैरिफ बढ़ाने पर सवाल पूछा गया था। उन्होंने कहा, देखते हैं क्या होता है। वे काफी अच्छे से काम कर रहे हैं। मेरा और राष्ट्रपति जिनपिंग का रिश्ता काफी अच्छा है।



### चीन पर टैरिफ लगाना मुश्किल

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने चीन पर ज्यादा टैरिफ लगाने के सवाल पर सोमवार को कहा कि ऐसा कदम उठाना ज्यादा मुश्किल और नुकसानदेह हो सकता है। फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में वेंस ने कहा कि चीन पर टैरिफ लगाने का विचार चल रहा है, लेकिन अभी कोई पक्का फैसला नहीं हुआ है।

# बदायूं में भीषण हादसा: जन्मदिन पर लेखपाल समेत तीन दोस्तों की एक्सीडेंट में मौत



**बदायूं।** जिले में तेज रफ्तार कार जिला पंचायत के बोर्ड से टकरा गई, जिससे उसमें सवार तीन युवकों की मौत हो गई। जबकि एक अन्य युवक की हालत गंभीर है। उसे बरेली रेफर किया गया है। चारों युवक लेखपाल दोस्त का जन्मदिन मनाकर कार से लौट रहे थे।

जानकारी के मुताबिक थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के मोहल्ला कल्याण नगर निवासी हर्षित सक्सेना उर्फ राजा (23) पुत्र मुन्ना बाबू सक्सेना संभल के गुन्नौर में लेखपाल के पद पर तैनात थे। सोमवार को उनका जन्मदिन था। वह अपने दोस्त दहेमी निवासी रुबल (22) पुत्र यशपाल सिंह, माल गोदाम रोड निवासी हर्षित गुप्ता (26 )पुत्र मनोरंजन लाल गुप्ता, कल्याण नगर निवासी अंकित (24) पुत्र संजीव कुमार के साथ जन्मदिन की पार्टी मनाने किसी रेस्टोरेंट में गए थे। जन्मदिन पार्टी के बाद रात करीब एक बजे कार में सवार होकर चारों लोग उझानी की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार एआरटीओ कार्यालय से निकली कि कार अनियंत्रित होकर बाइपास पर लगे जिला पंचायत के बोर्ड से टकरा गई। हादसा इतना भयंकर था कि कार के परखच्चे उड़ गए। चारों युवक सड़क पर खून से लथपथ होकर जा गिरे। मौके पर चीख-पुकार मच गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां लेखपाल हर्षित सक्सेना, रूबल एवं हर्षित गुप्ता को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी रोते बिलखते मडिकल कॉलेज पहुंच गए। पुलिस ने शवों का पोस्टमॉर्टम कराया है।

# यासीन मलिक के आवास समेत 8 ठिकानों पर छापेमारी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में राज्य जांच एजेंसी की कई जगहों पर छापेमारी चल रही है। एसआईए की टीम जेल में बंद जेकेएलएफ प्रमुख यासीन मलिक के आवास सहित श्रीनगर के 8 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। ये छापेमारी कश्मीरी पंडित महिला हत्याकांड के सिलसिले में की जा रही है।

एसआईए की टीम पुलिस और सीआरपीएफ के साथ आज सुबह श्रीनगर में आठ ठिकानों पर तलाशी ले रही है। ये छापे अप्रैल 1990 में एक कश्मीरी पंडित महिला के अपहरण और हत्या से जुड़े मामले में मारे जा रहे हैं।

बता दें कि अनंतनाग की 27 वर्षीय कश्मीरी पंडित महिला नर्स की अप्रैल 1990 में कश्मीर में उग्रवाद के चरम के दौरान बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। वह श्रीनगर के सौरा स्थित शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान में कार्यरत थीं। 14 अप्रैल, 1990 को जम्मू और कश्मीर लिबरेशन फ्रंट से जुड़े आतंकवादियों ने संस्थान के हब्बा खातून छात्रावास



से उनका अपहरण कर लिया था। कई दिनों तक कश्मीरी पंडित महिला नर्स के साथ सामूहिक बलात्कार और यातनाएं दी गईं थीं। 19 अप्रैल 1990 को श्रीनगर के मल्लाबाग स्थित उमर कॉलोनी में गोलियों के निशान के साथ उनका क्षत-विक्षत शव मिला था। मृतक महिला के शरीर से एक नोट मिला था, जिसमें उन्हें पुलिस मुखबिर बताया गया था। यह आरोप उन पर कश्मीरी पंडितों को घाटी छोड़ने या सरकारी नौकरी छोड़ने के उग्रवादी आदेशों की अवहेलना करने का था।

# पाकिस्तान ने भारतीय डिप्लोमैट्स के घरों की गैस सप्लाई रोकी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में भारतीय डिप्लोमैट्स के घरों में गैस सप्लाई बंद कर दी है। इसके अलावा स्थानीय गैस सिलेंडर सप्लायर्स को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे भारतीय राजनयिकों को सिलेंडर न बेचें।

रिपोर्ट के मुताबिक इस्लामाबाद ने मिनरल वाटर और न्यूजपेपर की सप्लाई भी रोक दी है। पाकिस्तान ने यह फैसला भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले की कार्रवाई के तौर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह कदम पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ककककी योजना का हिस्सा है। इसके तहत पाकिस्तान बदले की छोटी-छोटी कार्रवाइयां कर रहा है। जवाबी कदम के तौर पर भारत ने भी दिल्ली में तैनात पाकिस्तानी राजनयिकों को अखबार पहुंचाना बंद कर दिया है।



# बवाल-पथराव...मजार और कब्रों में तोड़फोड़

## फतेहपुर मकबरे पर 20 मिनट तक कब्जा; 10 भाजपाइयों समेत 160 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज





**फतेहपुर।** मंदिर और मकबरे को लेकर कुछ समय पहले उपजे विवाद के चलते सोमवार को बवाल हो गया। भाजपा जिलाध्यक्ष के आह्वान पर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता जमा हो गए। यह लोग मकबरे के ठाकुरद्वारा मंदिर होने का दावा करते हुए पुलिस की बैरिकेडिंग गिराकर परिसर तक पहुंच गए।

पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में करीब 20 मिनट तक धार्मिक स्थल पर इन लोगों ने कब्जा जमाए रखा। भगवा लहराकर धूपबत्ती जलाई और नारेबाजी की। इस दौरान डंडों से मजार व कब्रों में तोड़फोड़ भी की गई। सूचना पर दूसरे समुदाय के लोग भी पहुंच गए। इसके बाद दोनों पक्षों में पथराव और मारपीट शुरू हो गई। डीएम रविंद्र सिंह व एसपी अनूप सिंह ने किसी तरह हालात काबू में किए। एडीजी संजीव गुप्ता ने पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की है। मामले में 10 भाजपाइयों समेत 160 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एफआईआर में भाजपा के जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह व सभासद रितिक पाल, विनय तिवारी, पुष्पराज पटेल, शामिल को भी नामजद किया गया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल व विहिप प्रांत उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय समेत कई हिंदू संगठन के नेताओं ने सोशल मीडिया पर मंदिर के



शुद्धिकरण और नियमित पूजा-पाठ का आह्वान किया था। सोमवार सुबह नौ बजे से ही धार्मिक स्थल के करीब डाक बंगले के सामने कपूरी ठाकुरी चौराहे पर बड़ी संख्या में भाजपा, हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता पहुंचने लगे।

पहले यहां जमकर नारेबाजी की गई। एएसपी महेंद्र पाल सिंह और एडीएम अविनाश त्रिपाठी, सीओ सिटी गौरव शर्मा ने इन्हें समझाने का प्रयास किया। इसी बीच करीब 11 बजे बैरिकेडिंग तोड़कर हिंदू संगठनों के 300 से अधिक कार्यकर्ता इमारत तक पहुंच गए। पुलिस बल के सामने ही अंदर परिसर में घुसकर तोड़फोड़ की।

अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी व कई कार्यकर्ताओं ने पूजा-अर्चना की। मजारों पर लाठी डंडे पटके। पुलिस के रोकने के बावजूद प्रमुख स्थानों पर भगवा झंडा लगा दिया गया। 20 मिनट के बाद कार्यकर्ता मौके से हटे।

स्थल से करीब 50 मीटर दूर मौजूद दूसरे समुदाय की भीड़ भगवा झंडा देखकर भड़क गई। दोनों पक्षों के बीच नोकझोंक के दौरान पथराव शुरू हो गया। पथराव व भगदड़ में बजरंग दल के संयोजक धर्मेंद्र सिंह जनसेवक, धर्म प्रसार सह प्रमुख खजुहा प्रखंड रामप्रताप अनुरागी, बिंदकी के बजरंग दल के सह संयोजक सजल को चोटें आईं।


मौके पर ही करीब दो घंटे तक दोनों पक्षों के बीच नारेबाजी व हंगामे का दौर चलता रहा। बाद में एडीजी संजीव गुप्ता मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। उन्होंने सतर्कता की कमी पर पुलिस अधिकारियों से नाराजगी जताई। मामला बढ़ने पर कौशांबी और बांदा जिले से पुलिस फोर्स बुला ली गई।

**ऐसे शुरू हुआ विवाद**

शहर के आबूनगर रेड्इया में प्राचीन धार्मिक स्थल है। कई वर्षों से एक समुदाय के लोग इसके अनुयायी हैं। मंदिर मठ संरक्षण संघर्ष समिति के सदस्य धनंजय द्विवेदी समेत अन्य लोगों ने सात अगस्त को डीएम रविंद्र सिंह को एक मांगपत्र सौंपकर स्थल को प्राचीन ठाकुरद्वारा मंदिर बताया था। इसमें नए सिरे से रंगाई-पुताई और बिना अनुमति के मजारों के स्थापित किए जाने का दावा किया गया था। समिति की ओर से सोमवार को यहां साफ-सफाई कर पूजा पाठ की बात कही गई थी।

> सभी लोगों को समझाकर घर भेज दिया गया है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए करीब 10 थानों की फोर्स व एक प्लाटून पीएसी व गैर जिलों से फोर्स बुलाया गया है। झंडे हटा दिए गए हैं। उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
> –अनूप सिंह, एसपी

# सावधान! उत्तराखंड में भारी बारिश का अलर्ट, 14 अगस्त तक केदारनाथ यात्रा पर रोक



**देहरादून।** उत्तराखंड में मॉनसून कहर बनकर बरस रहा है। कहीं भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं तो कहीं बादल फटने से लोगों की जिंदगी आफत में पड़ी है। इसी बीच आज मौसम विभाग ने आज भी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है और लोगों से बेवजह घरों से न निकलने की अपील की गई है। रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए केदारनाथ यात्रा को अगले तीन दिनों के लिए 14 अगस्त तक रोक दिया है।

केदारनाथ आने वाले सभी यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। एडवाइजरी में यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि मौसम की चेतावनी को देखते हुए वे ये यात्रा करने से बचें। रुद्रप्रयाग के एसपी प्रतीक जैन ने बताया कि देहरादून में मौसम विज्ञान केंद्र ने 12, 13 और 14 अगस्त को रुद्रप्रयाग सहित प्रदेश भर में कई जगहों पर भारी वर्षा का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत केदारनाथ धाम की यात्रा को एहतियातन अगले तीन दिनों के लिए अस्थायी रूप से रोका गया है।

**डेंजर जोन में 24 घंटे जेसीबी और पोकलैंड मशीनें तैनात**

डीएम ने कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, इस दौरान सभी विभागों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि चेतावनी प्रणाली का परीक्षण किया गया है और नेशनल हाइवे के डेंजर जोन (खतरे वाले क्षेत्र) में 24 घंटे जेसीबी व पोकलैंड मशीनें तैनात की गई हैं, ताकि मार्ग बाधित होने पर तुरंत खोलने की कार्रवाई हो सके। उन्होंने कहा कि नदी के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और नदी किनारे रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की गई है।

# 'आसिम मुनीर सूट पहने ओसामा बिन लादेन'

**वाशिंगटन।** पेंटागन के एक पूर्व विश्लेषक माइकल रुबिन ने पाकिस्तान के हालिया परमाणु धमकियों की तीखी आलोचना की है। उन्होंने अमेरिकी धरती पर उसके सेना प्रमुख की ओर से की गई धमकी भरी टिप्पणियों के बाद पाकिस्तान को एक दुष्ट राष्ट्र की तरह व्यवहार करने वाला बताया। उन्होंने पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर की तुलना ओसामा बिन लादेन से की। दरअसल, यह विवाद असीम मुनीर की उस टिप्पणी के बाद तेज हुआ, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर धमकी दी थी कि अगर पाकिस्तान पर संकट मंडराया तो वह अपने साथ आधी दुनिया को भी ले डूबेगा। टिप्पणियां फ्लोरिडा के टैम्पा में अमेरिकी सैन्य अधिकारियों के साथ एक बैठक के दौरान की गईं। उन्होंने सेना प्रमुख की बयानबाजी की तुलना आईएसआईएस और ओसामा बिन लादेन की ओर से पहले दिए गए बयानों से की।

# अमेरिका ने बलूच लिबरेशन आर्मी को किया आतंकी संगठन घोषित

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बलूच लिबरेशन आर्मी और उसके सहयोगी संगठन मजीद ब्रिगेड को विदेशी आतंकी संगठन घोषित किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार देर रात इसकी जानकारी दी।

मार्को रुबियो ने बयान में लिखा, बीएलए ने 2024 में कराची एयरपोर्ट के पास और ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी कॉम्प्लेक्स में आत्मघाती हमलों की जिम्मेदारी ली थी। मार्च 2025 में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक करने की भी जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 31 नागरिक और सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। 300 से अधिक यात्रियों को बंधक बनाया था।

आज अमेरिकी विदेश विभाग की कार्रवाई ट्रम्प प्रशासन की आतंकवाद से लड़ने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आतंकवादी संगठन घोषित करना, आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में अहम भूमिका निभाता है। यह आतंकवादी गतिविधियों के लिए मिलने वाले समर्थन को रोकने का एक प्रभावी तरीका है।



अमेरिका की ओर से यह ऐलान ऐसे समय में हुआ है जब पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर अमेरिका दौरे पर हैं। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक मुनीर एक बार फिर से अमेरिका पहुंचे हैं। मुनीर की यह डेढ़ महीने में दूसरी अमेरिका यात्रा है। बलूच लिबरेशन आर्मी एक संगठन है जो पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की स्वतंत्रता के लिए लड़ रहा है। इसकी स्थापना 2000 के दशक की शुरूआत में हुई और इसे पहले भी कई देशों द्वारा आतंकी संगठन घोषित किया गया है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376।** प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
www.nnindianews.com
मंगलवार, 12 अगस्त, 2025


## मथुरा के कोसीकलां में गिरा दो मंजिला मकान

# मलबे में दब गई मासूम भाई-बहन की चीखें



एनएनआई

**मथुरा।** मुहल्ला निकासा में सोमवार देर शाम साढ़े सात बजे एक पुराना दो मंजिला मकान अचानक भरभराकर गिर गया। मलबे में दो परिवार के छह लोग दब गए। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और एक घंटे रेस्क्यू चलाकर सभी को बाहर निकाला।

हादसे में भाई-बहन की मृत्यु हो गई। जबकि पांच घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है, जहां दो की हालत स्थित बनी हुई है।

कोसीकलां के मुहल्ला निकासा चौराहे पर स्थित हाजी मंगा वाली इमारत का अगला हिस्सा सोमवार शाम साढ़े सात बजे अचानक भरभराकर गिर गया। तेज आवाज आने पर आसपास अफरा-तफरी मच गई। मकान में रह रहे सहजाद, उनकी पत्नी तेजीवारा, पुत्र 12 वर्षीय आहिल, छह वर्षीय पुत्री माहिरा एवं ऊपरी हिस्से में रहने वाले साबिर उर्फ पव्वा, उनकी पत्नी गुड्डी एवं भाई इमरान दब गए। हादसे को देख आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना देकर रेस्क्यू अभियान शुरू किया। पुलिस के साथ अग्निशमन विभाग के कर्मी मौके पर पहुंच गए। करीब एक घंटे तक चले रेस्क्यू में सभी को जैसे-तैसे मलबे से बाहर निकाला। पुलिस ने घायलों को कोसीकलां सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने भाई बहन आहिल और माहिरा को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में सहजाद और गुड्डी की हालत नाजुक बनी हुई है। इधर मलबे से घायलों को बाहर निकालने के बाद एसडीएम ने जर्जर भवन को पूरी तरह से गिरवा दिया। एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि मलबे में दबे सभी को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसमें दो बच्चों की मृत्यु हो गई है।

## पुलिस मुठभेड़ में तीन चोर धरे, एक के लगी गोली



एनएनआई

**फिरोजाबाद।** थाना नसीरपुर क्षेत्र में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। 26 जुलाई को बटेश्वर-शिकोहाबाद रोड स्थित ग्राम छटनपुर में एक पीपल के पेड़ से दो पीतल के घंटे चोरी हुए थे। इन घंटों का वजन 21 और 31 किलो था।

एसपी ग्रामीण त्रिगुण विशेन ने बताया कि 11 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली कि नसीरपुर-सिरसागंज रोड पर कुछ बदमाश आ रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक नसीरपुर और उनकी टीम फतेहपुर करखा अंडरपास के पास चेकिंग कर रही थी। तीन संदिग्धों को रोकने का इशारा किया गया। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की। इसमें एक आरोपी सुमित के पैर में गोली लग गई। सुमित के साथ सुरजीत और आकाश को भी गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपी मैनपुरी के थाना ओछा क्षेत्र के रहने वाले हैं। आरोपियों से दो तमंचे, चार जिंदा कारतूस और तीन खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। चोरी किए गए घंटों को बेचकर प्राप्त 6 हजार रुपए भी बरामद किए गए। घायल आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार तीनों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है।

## हाथरस में कांग्रेस जिलाध्यक्ष को घर में किया नजरबंद

**हाथरस** एनएनआई। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विवेक उपाध्याय को पुलिस ने उनके घर में नजरबंद कर दिया। यह कार्रवाई दिल्ली में कांग्रेस द्वारा आयोजित होने वाले प्रदर्शन और लोकसभा के मद्देनजर की गई है। उनको पुलिस नहीं देर रात तक नजर बंद रखा। उनके घर पर पुलिस का पहरा रहा। पुलिस और खुफिया विभाग अन्य कांग्रेस नेताओं पर के बारे में भी जानकारी हासिल करते रहे। खुफिया तंत्र इसे लेकर अलर्ट रहा और कांग्रेस के नेताओं की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी। इस कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए विवेक उपाध्याय ने कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या का स्पष्ट प्रमाण है।

## फिरोजाबाद में ब्रेक डांस झूले से युवक गिरा, हालत नाजुक

### पुलिस पहुंची, हादसे के बाद मेला बंद



एनएनआई

**फिरोजाबाद।** सुहाग नगर में लगे भुजरिया मेले में सोमवार रात बड़ा हादसा हो गया। ब्रेक डांस झूले से गगन नाम का युवक नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे का कारण झूला संचालकों की लापरवाही बताई जा रही है। गगन अपने दोस्तों के साथ मेला देखने आया था। झूला झूलते समय वह अचानक नीचे गिर गया, जिससे उसके सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं।



मौके पर मौजूद पुलिस ने घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद मेले में अफरा-तफरी मच गई और झूला संचालक मौके से फरार हो गया। लोगों का कहना है कि झूला संचालकों की लापरवाही से लोगों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मेले को बंद करा दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। झूले की तकनीकी खामियों और सुरक्षा इंतजामों की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि दोषी पाए जाने पर झूला संचालकों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

## दर्द भरी दास्तां...ट्रैक पर मिलीं पति-पत्नी की लाशें



एनएनआई

**मथुरा।** मथुरा के हाईवे थाना क्षेत्र के रहने वाले दंपती ने बेटे की बीमारी के बाद जीने की उम्मीद छोड़ दी थी। कर्ज के बोझ तले दबकर दंपती ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की थी। दोनों ने साढ़े तीन साल पहले प्रेम-विवाह किया था। फिलहाल पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर दोनों शव परिजन को सौंप दिए हैं।

इंद्रपुरम कॉलोनी के रहने वाले अमर सिंह ने बताया कि उनके भाई नेम सिंह ऑटो चलाते थे। उन्होंने साढ़े तीन साल पहले कॉलोनी की ही रहने वाली प्रियंका से प्रेम विवाह किया था और दोनों से दो बेटे हैं। एक की उम्र ढाई वर्ष और दूसरा 10 माह का मासूम है। करीब दो साल पहले घर में गैस सिलिंडर फटने से मकान की छत गिर गई थी और दीवारें भी जर्जर हो गई थीं।

घटना में पिता की दोनों आंखों की रोशनी भी चली गई। मकान बनवाने और पिता का इलाज कराने के लिए तीनों भाईयों ने मकान गिरवी रख दिया था। इसी बीच नेम सिंह के छोटे बेटे की अचानक तबीयत खराब हो गई। बेटे का 12 दिन तक अस्पताल में इलाज चला, लेकिन नेम सिंह के पास इतने भी पैसे नहीं थे कि वह बेटे की अस्पताल से छुट्टी करा सके।

नेम सिंह कर्ज के बोझ तले इतना दब गया कि उसने जीने की उम्मीद ही छोड़ दी। शनिवार रात नौ बजे बेटों को सुलाकर ससुराल जाने की बात कहकर दोनों घर से निकल गए। इसके बाद बाजना ब्रिज के पास ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली।

इधर,सोमवार को परिजन ने नम आंखों से दोनों का अंतिम संस्कार किया। 10 माह का मासूम मां की याद में सिसक-सिसक कर रो रहा है। घर पर दिनभर रिश्तेदारों का तांता लगा रहा। हाईवे के निकट बाजना ओवरब्रिज के नीचे रविवार को युवक-युवती के क्षत-विक्षत हालात में शव मिले थे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर शिनाख्त में जुटी थी। युवक के हाथ पर नेमसिंह लिखा था।

# कुए में गिरे युवक को बचा लिया, खुद जान गंवा बैठे

एनएनआई

**आगरा।** किरावली-अछनेरा मार्ग पर सड़क किनारे एक कुएं में गिरे युवक राकेश को बचाने में ठेकेदार राजेंद्र की जान चली गई। वह रस्सी के सहारे 50 फीट गहरे कुएं में नीचे उतरे थे। राकेश को रस्सी के सहारे ऊपर पहुंचा दिया लेकिन खुद बाहर नहीं निकल सके। जहरीली गैस की वजह से अचेत हो गए। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस और दमकल कर्मचारी मूकदर्शक बनकर देखते रहे। एक घंटे बाद दो युवकों को रस्सी के सहारे नीचे उतारकर राजेंद्र के शव को बाहर निकाला गया।

कस्बे का राकेश दोपहर 2 बजे कुएं की दीवार पर बैठा हुआ था। वो अचानक कुएं में गिर गया। यह देखकर लोगों की भीड़ लग गई और पुलिस भी आ गई। पुलिसकमियों के पास रस्सी, सीढ़ी आदि का कोई इंतजाम नहीं था। इसी दौरान गांव भड़ीरी के राजेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंच गए। वह बिना देर किए रस्सी के सहारे कुएं में कूद गए। उन्होंने राकेश को रस्सी से बांध दिया और ग्रामीणों

## 50 फीट गहरे कुएं में उतरे राजेंद्र की थमी सांसे



ने उसे खींच लिया। इसी दौरान राजेंद्र दलदल में फंस गए और कुएं से बाहर नहीं निकल सके। जहरीली गैस की वजह से अचेत हो गए। यह सब कुछ पुलिस और दमकल कर्मचारी देखते रहे। करीब 45 मिनट बाद दमकल कर्मियों ने सीढ़ी लगाई और एक रस्सा लगाया। गांव छह पोखर के लोकेश और हासिम सीढ़ी के सहारे नीचे गए और राजेंद्र को बाहर निकाला। पुलिस अस्पताल लेकर पहुंची, जहां पर राजेंद्र को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं राकेश को अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी जान बच गई।

**परिवार में छाया मातम, तीन महीने पहले हुई थी पिता की मृत्यु**

राजेंद्र सिंह (38) के दो बेटे और दो बेटियां हैं। सबसे बड़ी बेटी 12 साल की है। घर में कमाने वाला और कोई नहीं है। उसके पिता की तीन महीने पहले ही मृत्यु हुई थी। वो निर्माण कार्यों का ठेका लेता था। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। लोगों का कहना है कि अंजान युवक को बचाने में राजेंद्र की जान चली गई। इससे पहले भी उसने नदी में डूबते कई लोगों को बचाया था।

**पुराने कुओं में बनती है मीथेन गैस, घोंट देती है दम**

मुख्य अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि जिस कुएं का इस्तेमाल बंद हो जाता है, उनमें मीथेन गैस बनने लगती है। जब कोई व्यक्ति गिरता है, तो गैस की वजह से सांस लेने में दिक्कत होती है। दम घुटने की वजह से जान चली जाती है। इसलिए बिना सुरक्षा उपकरणों के कुएं में नहीं उतरना चाहिए। इस मामले में भी टीम रस्सी लेकर गई थी। युवक को रोका गया था, लेकिन वो माने नहीं। कुएं में तकरीबन 12 से 15 फीट पानी था। पहले वाले युवक को बांधने के बाद राजेंद्र की सांस फूल गई।

**नहीं किया गया कुआं बंद**

ग्रामीणों का कहना था कि कुएं के पास दीवार बनी है। दीवार पर बैठकर लोग शराब पीते हैं। इस वजह से हादसा हो गया। पुलिस भी कोई रोक नहीं लगा पा रही है। कुएं को बंद भी नहीं किया गया है।

### विदेशी पर्यटक दल को वीआईपी की तरह ताजमहल घुमाने का मामला

# पांच दरोगा सहित 10 पुलिसकर्मी दोषी

**आगरा एनएनआई।** ताजमहल का दीदार करने आए विदेशी पर्यटकों को वीआईपी की तरह स्मारक घुमाया गया। इस मामले का खुलासा होने के बाद जांच हुई। जांच में पांच दरोगा सहित 10 पुलिसकर्मियों को डीसीपी सिटी ने दोषी पाया है। एसीपी की जांच रिपोर्ट को सही मानते हुए वह इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं। सभी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी।

सिपाही हिमांशु, वेदांत तेवतिया व दीपक मान पर्यटन थाने से लाइन हाजिर हुए थे। तीनों फरवरी 2025 में विदेशी पर्यटकों के दल को ताजमहल घुमाने गए थे। ताज के मुख्य द्वार से प्रवेश न कराकर बराबर वाले प्रवेश द्वार से वीआईपी की तरह प्रवेश कराया था। ट्रैवल एजेंट ने उनसे बात की थी। तीनों सिपाहियों को डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने निलंबित किया था। विभागीय जांच में भी तीनों को दोषी पाया गया। रिपोर्ट के आधार पर डीसीपी सिटी ने तीनों को दोषी माना। आरक्षी सोमित कुमार को अधिकारियों के आदेश की अवहेलना करने व चेकिंग में लापरवाही पर दोषी पाया है।

आरक्षी अंकित कुमार पर एसीपी पेशी से केस डायरी प्राप्त करने बाद उसे वापस नहीं करने का आरोप लगा। दरोगा रजत कुमार शर्मा, अशोक कुमार, पृथ्वीराज सिंह व योगेश पाल ने विवेचना में लापरवाही बरती। एसीपी स्तर के अधिकारियों ने जांच में उन्हें दोषी पाया। डीसीपी सिटी कार्यालय से नोटिस जारी किए गए। वो संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। उनके प्रतिकूल प्रविष्टि की संस्तुति की गई। दरोगा वीर सिंह यादव ने अभियोग की दैनिकी अपने पास रख ली थी। उन्हें भी दोषी माना गया है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि अलग-अलग मामलों में पुलिसकर्मियों के खिलाफ दंड की कार्रवाई की गई है। इसके खिलाफ पुलिसकर्मी अपर पुलिस आयुक्त के यहां अपील कर सकते हैं। वहां से भी अपील रिजेक्ट होने पर आखिरी अपील अधिकारी पुलिस आयुक्त हैं।

# आधी रात को मचा शोर, दो गुटों में जमकर तोड़फोड़

- सिकंदरा तिराहे पर देर रात दो गुटों में हुआ बवाल
- जमकर चले लात-घूसे, कारों में की गई तोड़फोड़

एनएनआई

**आगरा।** सिकंदरा तिराहे पर आधी रात दो कार सवार युवकों में जमकर लात-घूंसे चले। एक-दूसरे की कारों में तोड़फोड़ की। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। एक कार पर पूर्व ब्लाक प्रमुख लिखा हुआ था।

घटना रात करीब ढाई बजे की है। दो कारों में 8-10 युवक आए थे। पुलिस ने बताया कि सभी नशे में थे। उनमें आमने-सामने कार आने पर विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ी कि वो मारपीट करने लगे।

सिकंदरा तिराहे पर दुकानों पर लोग चाय-नाश्ते के लिए आते हैं। विवाद होता देख वह दूर भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से हाथरस के सादाबाद निवासी निखिल, नील फ्लोरेंस अपार्टमेंट निवासी कृष्ण द्विवेदी, केके नगर निवासी सुमित, दूसरे पक्ष के बाबरपुर निवासी अजय यादव, उमा कुंज निवासी विवेक यादव, गांव लाल गढ़ी निवासी देव चौधरी और सुशील नगर निवासी सचिन सिकरवार को पकड़ लिया गया। उनके खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की। उन्हें कोर्ट में पेश किया गया।

# पैरा टू वर्कशॉप कर्मचारी के नाम पर ठगों ने ले लिया लोन

## केवाईसी के बहाने बनाया ठगी का शिकार

एनएनआई

**आगरा।** टू पैरा वर्कशॉप के कर्मचारी से साइबर ठगी की गई। बैंक कर्मचारी बनकर केवाईसी अपडेट करने का झांसा देकर आरोपी ने ओटीपी पूछा और खाते से 11.70 लाख रुपये का लोन ले लिया। मामले में साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज किया गया है।

रीवा, मध्य प्रदेश निवासी जितेंद्र मिश्रा दो पैरा वर्कशॉप में कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 11 जुलाई को उनके पास एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को एक्सिस बैंक रीवा का कर्मचारी बताया। कहाकि आपकी केवाईसी नहीं हुई है। अगर केवाईसी नहीं कराओगे तो खाता बंद हो जाएगा। वह तैयार हो गए। उनसे ओटीपी पूछ लिया। इसके बावजूद उनका खाता बंद हो गया।

कॉल करने वाले से बात की तो उसने शाम तक खाता चालू करने की जानकारी दी। 14 जुलाई का फिर से कॉल आई। कहा कि खाता 15 जुलाई को चालू होगा। शक होने पर वो बैंक गए। जानकारी पर पता चला कि उनके खाते से 11.75 लाख रुपये का लोन लिया गया है। बैंक में दर्ज उनका मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी भी बदल दी गई है। उन्होंने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस पर केस दर्ज कर लिया गया। पुलिस खातों की जांच में लगी है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि कॉल करने वाले के बारे में पता किया जा रहा है। जिन खातों में रकम गई है, उनकी भी जानकारी निकाली जा रही है।


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


# वायरल धमकी: मुझसे शादी नहीं की तो कर दूंगा बदनाम

एनएनआई

**आगरा।** कमला नगर क्षेत्र में ताऊ के घर नहाने गई किशोरी का आपत्तिजनक वीडियो बना लिया गया। वायरल करने की धमकी देकर युवक शादी करने का दबाव बना रहा रहा है। पुलिस आयुक्त से शिकायत के बाद 4 लोगों पर केस दर्ज किया गया है।

किशोरी की मां ने पुलिस को बताया कि पति मजदूरी करते हैं। नवंबर 2024 में जेठ की बेटी की शादी थी। बेटी ताऊ के घर नहाने गई थी। तभी जेठ के घर आने वाले युवक ने आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। आरोपी ने वीडियो और फोटो उनके रिश्तेदार को दिखाए। युवक बेटी से शादी करवाने का दबाव बनाने लगा। ऐसा नहीं करने पर वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी। इलाका पुलिस के सुनवाई न करने पर पीड़ित परिवार ने पुलिस आयुक्त से गुहार लगाई। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।




पुलिस कमिश्नरेट आगरा में नियुक्त आनन्द कुमार पाण्डेय, सहायक पुलिस आयुक्त, कार्यालय को सहायक पुलिस आयुक्त से अपर पुलिस उपायुक्त के पद पर पदोन्नति होने पर सीपी आगरा दीपक कुमार व पुलिस उपायुक्त, यातायात अभिषेक अग्रवाल द्वारा अशोक स्तंभ लगाकर शुभकामनाएं दी गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
मंगलवार, 12 अगस्त, 2025


- नगर निगम बेपरवाह, गली-मोहल्लों में जमा पानी में पनप रहे मच्छर के लार्वा
- फागिंग मशीन से नहीं किया जा रहा एंटी मच्छर दवा का छिड़काव

# गंदगी में पनप रहे 'मच्छर'

**शहर में जगह-जगह पसरी गंदगी, नाले-नालियां कीचड़ से लबालब, पनप रहा है डेंगू का लार्वा, जिम्मेदारों की नहीं है नजर। दिखावा बनकर रह गया है निगम अफसरों का सफाई अभियान। मच्छरों के डंक से घर-घर बीमारों के बिस्तर बिछे हैं और निगम का अमला चैन की नींद सो रहा है। शहर के कई इलाकों में अभी तक फॉगिंग नहीं कराई गई है।**

एनएनआई

**आगरा।** नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण शहर में डेंगू के मरीजों की संख्या दिन पर दिन बढ़ रही है। गांव-देहात में डेंगू का डंक तेजी से पैर पसार रहा है। मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। डेंगू का दंश से दो लडकियों को लील गया। स्वास्थ्य विभाग की जांच लगभग ढाई दर्जन लोगों में डेंगू के लक्षण पाए गए। डेंगू मच्छरों से पनपता है और मच्छरों पर सिर्फ फॉगिंग से ही काबू पाया जा सकता है। शहर में इस फॉगिंग शुरू हो जानी चाहिए थी, लेकिन अभी तक कहीं भी फॉगिंग नहीं कराई गई। नाले-नालियों और घरों के आसपास जमा गंदे पानी में मच्छरों के लार्वा बढ़ने लगे हैं। नगर निगम की बेफिक्री के चलते रोकथाम के उपाय नहीं किए जाने से इसके दुष्प्रभाव भयावह रूप दिखाने लगे हैं। चिकित्सकों के अनुसार हर साल मच्छर जनित रोगों की शिकायतें बारिश थमने के बाद ही शुरू होती हैं। मच्छरों का लार्वा समय रहते नियंत्रित किया जाए तो इससे बचा जा सकता है। अधिकांश नालियों के आसपास पसरी गंदगी और पानी के ठहराव से मच्छर पनपते हैं। इसकी रोकथाम के लिए निगम में हर साल लाखों रुपये खर्च करती है। इसके बाद भी परिणाम शून्य ही रहता है। शहर में मच्छरों की रोकथाम के लिए न तो फागिंग मशीन का इस्तेमाल किया जाता है और न ही नालियों और जमा पानी मैलाथाइन या डीडी पाउडर डाला जाता है।

इससे मच्छरों की संख्या में वृद्धि हो रही है। इससे मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसे खतरनाक रोग के मरीज बढ़ रहे हैं। गली-मोहल्लों में नालियां अभी भी कीचड़ से बजबजा रही हैं।

नालियों में पानी भी जाम है। इससे संक्रमण फैल रहा है। खासकर जिन मोहल्लों में नालियां बेहतर नहीं हैं, वहां के खाली जगहों पर जमा पानी उन क्षेत्रों में मच्छरों और संक्रमण का खतरा बढ़ा रहा है। इससे निजात पाने के लिए वहां जल भराव रोकने के इंतजाम भी बेहद जरूरी है। ताकि लार्वा नियंत्रण के साथ-साथ वायरल जैसी बीमारियों से लोगों को सुरक्षित रखा जा सके।



### वायरल पीड़ितों की संख्या बढ़ी

इस मौसम में वायरल की शिकायत भी बढ़ रही है। एसएन और जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना वायरल से ग्रसित मरीज आ रहे हैं। इनमें बुखार, सर्दी, खांसी के साथ वायरल के लक्षण पाए जाते हैं। निजी चिकित्सकों के क्लीनिकों पर भी वायरल पीड़ित मरीजों की भरमार है। ऐसे मरीजों को चिकित्सक एंटीवायटिक लेने और खान-पान में सावधानी बरतने की परामर्श दे रहे हैं। चिकित्सों के अनुसार इस मौसम में संक्रमण तेजी से फैलता है। पीड़ित व्यक्ति के सम्पर्क में आने से विषाणु दूसरे व्यक्ति में चले जाते हैं। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है।



### मच्छरों से निपटने को हर साल करोड़ों हो रहे खर्च

नगर निगम की लापरवाही के चलते मच्छरों से निपटने में शहर के लोगों को अपने घरों में करोड़ों रुपये प्रतिमाह खर्च करना पड़ता है। मच्छर भगाने वाले दवा कारोबारियों से बातचीत में निकल कर आया कि लोगों को घरों में अलग-अलग प्रकार की दवाओं और लिक्विड के रूप में हर माह एक करोड़ से अधिक का व्यवसाय हो रहा है। इसमें कई तरह की दवा और क्वाइल भी शामिल हैं।

### मच्छरों पर दवा बेअसर

पूर्व में हुए शोध में यह बात सामने आ चुकी है कि मच्छरों को मारने के लिए हम जिस दवा का उपयोग कर रहे हैं, वह उन पर बेअसर हैं। दरअसल दवा का इस्तेमाल नियमित होने के कारण मच्छर भी उसके आदी हो जाते हैं, जिससे वह दवा भी उन पर बेअसर हो जाती है। ऐसे में मच्छर से बचने के लिए उन्हें पनपने नहीं देना ही समझदारी है।

### घर बैठे लग जाती है हाजिरी

शहर के सौ वार्डों में सफाई व्यवस्था बेहतर करने के लिए कर्मचारियों की कमी का रोने वाले नगर निगम में कई कर्मचारी तो ड्यूटी पर पहुंचते ही नहीं और हाजिरी लग जाती है। नगर निगम में जो कर्मचारी हैं, उनके अलावा संविदा पर सफाई कर्मचारियों की पूरी फौज है। इसके बाद भी शहर की सफाई व्यवस्था जगह-जगह फैली गंदगी और जलभराव खुद कलई खोल रहे हैं। कई कर्मचारियों को सफाई निरीक्षक इतने मेहरबान रहते हैं कि वे ड्यूटी पर आएं या न आएं, उनकी हाजिरी लग जाती है।

# वैश्य समाज बबली को दिलाएगा न्याय

- अग्रवाल युवा संगठन ने भरी हुंकार, निलंबित निर्दोष पुलिस कर्मियों को भी कराएग बहाल
- विधायक की भूमिका पर जताया आक्रोश, पक्षपात का आरोप

एनएनआई

**आगरा।** एत्माद्दौला क्षेत्र में मकान का विवाद अब जातीय रुप अख्तियार करता नजर आ रहा है। धोखाधडी से घर से बेघर की गई बबली को न्याय दिलाने के लिए वैश्य समाज ने भी हुंकार भरते हुए एलान किया कि अब चुप नहीं बैठा जाएगा। महाराजा अग्रसेन भवन लोहामंडी में अग्रवाल युवा संगठन की बैठक में वैश्य समाज की महिला को उसका हक दिलाने के लिए तन-मन-धन से साथ देने का वायदा किया गया।

अग्रवाल युवा संगठन के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल के नेतृत्व में वैश्य समाज की हुई बैठक में कहा गया कि बबली गर्ग पत्नी देवीचरण गर्ग कृष्ण रेजिडेंसी कालिंदी विहार ने एक 50 वर्ग गज का मकान कालिंदी विहार में प्रेमलता पत्नी शिशुपाल सिंह से खरीदा था। रजिस्ट्री में 770000 रुपये का चेक प्रेमलता को दिया था। रजिस्ट्री के बाद प्रेमलता ने कहाकि आज बैंक में पैसे जमा होने हैं। वरना बैंक मकान नीलाम कर देगी। आप मुझे 770000 कैश दे दो और चेक वापस ले लो। इस पर बबली गर्ग ने चेक वापस लेकर 770000 नगद प्रेमलता को दे दिए। इसकी लिखा पढ़ी 10 के स्टांप पर नोटरी करा कब्जा भी ले लिया। रजिस्ट्री की मूल कापी भी उसके पास है। आरोप है कि 16 मार्च को बबली अपनी रिश्तेदारी में गई तभी प्रेमलता ने कुछ लोगों के साथ ताला तोड़कर मकान पर कब्जा कर लिया। उसका सारा सामान भी चोरी कर लिया। महीनों चक्कर कटवाने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस जब मकान पर पहुंची तो प्रेमलता ने बखेडा कर दिया। बैठक में क्षेत्रीय विधायक की भूमिका पर भी आक्रोश जताया गया। विधायक ने थाने पहुंच चार-पांच पुलिसकिर्मयों को सस्पेंड करवा दिया। बबली गर्ग का पक्ष विधायक ने सुना ही नहीं। उल्टा उसे ही फ्रॉड बता दिया। आरोप है कि विधायक की शह पर प्रेमलता ने पुलिस और बबली गर्ग के खिलाफ मुकदमा दायर करने के लिए तहरीर दी हुई है। संगठन के संस्थापक विनोद अग्रवाल ने कहाकि लगातार हो रहे उत्पीड़न से वैश्य समाज आक्रोशित है। उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो वैश्य समाज आने वाले चुनाव में अपनी ताकत दिखाएगा। एत्मादपुर विधानसभा में 50 हजार वैश्य वोट है। विनय अग्रवाल ने कहाकि माफिया अग्रवाल वैश्य समाज की जमीनों पर कब्जा करने में लगे हैं। जब तक समाज सड़कों पर उतरकर इनका विरोध नहीं करेगा तब तक जमीनों पर कब्जे होते रहेंगे। समाज को अपनी लड़ाई खुद लड़नी होगी। उत्पीड़न के खिलाफ वैश्य समाज सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होगा। बैठक में सोनू अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, विकास मोहन बंसल, गणेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, निशा अग्रवाल, रुपेश अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, सुखिल अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, अमन अग्रवाल, अरुप गोयल, आशीष अग्रवाल, प्रकाश गोयल, नितिन गर्ग, प्रवीण अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, भारत मित्तल, रजत अग्रवाल, सौरभ गर्ग, रामअवतार, अग्रवाल, नितिन गर्ग, जितेंद्र अग्रवाल, रवि गोयल, मुदित अग्रवाल, शिवम गर्ग, मयंक गर्ग, राजीव कैमरा, रवी गोयल, रामकुमार अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, भारत मित्तल, जितेंद्र, अग्रवाल सौरभ गर्ग, शरद अग्रवाल, अनुज गोयल और सौरभ जैन आदि मौजूद रहे। संचालन संजय अग्रवाल ने किया।



# कर्तव्य पथ कार्यक्रम में गूंजे भारत मां के जयकारे, देशभक्ति गीतों ने बांधा समां



एनएनआई

**आगरा।** हाथों में तिरंगा, होंठों पर देशभक्ति के गीत और चारों ओर गूंजते भारत मां के जयकारे। ऐसा उत्साहपूर्ण नजारा सोमवार को सूरसदन प्रेक्षागृह में आयोजित कर्तव्य पथ कार्यक्रम में देखने को मिला। स्कूली बच्चों की सुमधुर प्रस्तुतियों ने माहौल को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस आयुक्त दीपक कुमार एवं उनकी पत्नी मोनी शांडिल्य, पुलिस उप महानिरीक्षक (आगरा रेंज) शैलेश पांडे और अपर पुलिस आयुक्त रामबदन सिंह ने किया। शुरूआत में बेटियों ने ऊर्जावान गीत आरंभ है प्रचंड पर समूह नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों से खूब तालियां बटोरीं। इसके बाद पुलिस की कार्यप्रणाली और पुलिस-जनता संबंधों को दर्शाता एक भावपूर्ण नाटक मंचित किया गया। इस अवसर



पर प्रशिक्षु पुलिसकर्मी भी आमंत्रित थे। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने कहा कि स्कूली बच्चों और वामा सारथी टीम की प्रस्तुतियों ने पुलिसकर्मियों के जज्बे, त्याग और आत्मसमर्पण को जीवंत रूप में पेश किया। इन गीतों और नृत्यों में न केवल विपरीत परिस्थितियों में पुलिस की कर्तव्यनिष्ठा दिखाई गई, बल्कि उनके परिवारों के धैर्य और साहस को भी मार्मिक रूप से उजागर किया गया। कार्यक्रम में वर्दी, वतन और तिरंगा की थीम पर गीत, नृत्य और नाटक के माध्यम से संदेश दिया गया कि पुलिसकर्मी केवल कानून व्यवस्था के प्रहरी ही नहीं, बल्कि समाज की सुरक्षा और देश की अखंडता के सच्चे रक्षक हैं।

## भाजपा अर्जुन नगर मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा



आगरा (एनएनआई)। हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा अर्जुन नगर मंडल ने वार्ड 49 पार्षद अजय गोस्वामी के कार्यालय, नारीपुर से अर्जुन नगर तिराहे तक तिरंगा यात्रा निकाली। इसमें मंडल पदाधिकारियों, कार्यकताओं और स्थानीय निवासियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। देशभक्ति गीतों ने यात्रा में उत्साह भर दिया। यात्रा में उपस्थित जनों ने एक सुर में कहा कि देश की आन-बान-शान की रक्षा के लिए वे सदैव तत्पर हैं और भारत के नागरिक होने पर गर्व है। कार्यक्रम में बृजक्षेत्र महामंत्री हेमेंद्र शर्मा, महानगर उपाध्यक्ष महेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष जयसिंह सरदारा, पार्षद इंद्रपाल सिंह, अजय गोस्वामी, चौधरी योगवीर सिंह, मधु शर्मा, मनीष खेत्रपाल, अमित लवानिया, अमित शर्मा सहित भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आप्टा ने शुरू किया 'हर घर तिरंगा' अभियान

एनएनआई

**आगरा।** स्वतंत्रता दिवस से पूर्व आगरा प्रोग्रेसिव टीचर्स एसोसिएशन (आप्टा) ने हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान की शुरूआत उपाध्याय पैरामाउंट क्लासेस, शिवाजी नगर से की। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं और राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए गए। उपाध्याय पैरामाउंट के विद्यार्थियों ने तिरंगा फहराकर देशभक्ति गीत व नृत्य प्रस्तुत किए।

आप्टा के संस्थापक व संयोजक डॉ. सुनील उपाध्याय ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को प्रबल करना है। इसके तहत संगठन से जुड़े 500 से अधिक शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों को तिरंगा वितरित कर विद्यार्थियों को राष्ट्र गौरव, एकता, अखंडता और



राष्ट्रवाद का महत्व समझाया जाएगा। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल ध्वज नहीं, बल्कि हमारे बलिदान, स्वाभिमान और एकता का प्रतीक है। इस अवसर पर पलाश अग्रवाल, वेदांश वर्मा, दिव्यांशी जादौन, एलिस यादव, अनुज उपाध्याय, आर्यन कामेश्वर, दिव्यांश त्यागी, शौर्य गोयल, हर्षित झांकर, अर्नव पाराशर, युवराज शर्मा, राघव शर्मा, अनिरुद्ध उपाध्याय, सक्षम सिंह, ग्रेसी शर्मा, निलाक्षी अग्रवाल, शिवम कुशवाहा सहित कई छात्र-छात्राएं और शिक्षक मौजूद रहे।

# तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय की गूंज

एनएनआई

**आगरा।** स्वतंत्रता दिवस से पूर्व भाजपा संगठन के आह्वान पर दक्षिण विधानसभा के केशव मंडल में पंचकुइयां चौराहे से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा, मन में देशभक्ति का जोश और जुबां पर भारत माता की जय के नारों से क्षेत्र गूंज उठा। भाजपा नेता डॉ. अलौकिक उपाध्याय ने यात्रा में सहभागिता कर कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि आज का भारत सक्षम और सशक्त है, जो दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देना जानता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए आतंकवाद पर प्रहार किया, जो देश की ताकत का प्रमाण है। यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने 15 अगस्त को अपने घरों पर



तिरंगा लगाने का संकल्प लिया। डॉ. उपाध्याय ने कहा कि तिरंगा हमारे स्वाभिमान और बलिदान की पहचान है, इसे हर घर पर फहराना गर्व की बात है। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष राजेश प्रजापति, पूर्व पार्षद शिवकुमार राजौरा, पंकज माहौर, भुल्ले नरवार, चिंकी नरवार, अनिल शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा पूरे क्षेत्र में घूमते हुए देशभक्ति गीतों और नारों के साथ संपन्न हुई।

# आंबेडकर विश्वविद्यालय में गूंजा हर घर तिरंगा का संदेश

एनएनआई




**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में हर घर तिरंगा-2025 अभियान के तहत तिरंगा यात्रा साइकिल/बाइक रैली का आयोजन हुआ। कुलपति प्रो. आशु रानी के मार्गदर्शन में आयोजित रैली का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद परिसर से हुआ, जिसे कुलपति ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली पालीवाल पार्क परिसर तक पहुंची, जहां कुलसचिव अजय मिश्रा ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया। रैली के दौरान हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा के नारों से वातावरण गूंज उठा। रैली का नेतृत्व अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. भूपेंद्र स्वरूप शर्मा, एनएसएस समन्वयक डॉ. पूनम तिवारी, ललित कला संस्थान निदेशक प्रो. संजय चौधरी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. तरुणकांत पाठक, डॉ. शिव कुमार सिंह, सुमित पाठक, शशांक गुप्ता एवं पुरुषोत्तम मयूरा ने किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक शिवम सारस्वत, मोहम्मद कादिर, कुर्बान, अक्षय, कार्तिक आदि की सक्रिय भूमिका रही। समापन पर प्रतिभागियों को स्वल्पाहार वितरित किया गया। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति जागृत करना और नागरिकों को हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक बनाना रहा।

## ट्रेड मार्क/कॉपी राइट चेतावनी

PANCHHI
पंछी पेठा
PETHA STORE
www.panchhipetha.com

समस्त पेठा निर्माताओं/विक्रेताओ को सूचित किया जाता है कि वह हमारे मुवक्किल पंछी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड एवं पंछी पेठा स्टोर, नूरी दरवाजा, आगरा के जाने पहचाने नाम पंछी ब्रांड व लेवल का नकल करना व उससे मिलते जुलते नाम का दुरुपयोग करना बंद कर दें अन्यथा उनके विरूद्ध ट्रेड मार्क, कॉपी राइट एक्ट की भिन्न-भिन्न धाराओं के तहत सिविल व क्रिमिनल की कानूनी कार्यवाई की जाएगी, जिसके समस्त हर्जे-खर्चे की स्वयं जिम्मेदार होंगे। पंछी पेठा स्टोर www.panchhipetha.com

हैड ऑफिस : भगत सिंह द्वार नूरी गेट, आगरा 02 मो. 7055500772

पंछी पेठा स्टोर, आगरा की अपनी शाखायें :
- धौलपुर हाउस (इम्पीरियल होटल के सामने) छीपीटोला, आगरा-मो. 7055500773
- रमाडा होटल से 340 मी. पहले टी.डी.आई. सिटी तथा जलसा रिसोर्ट के सामने, आगरा - मो. 9837022955
- पुष्पविला होटल के सामने (कलाकृति के पास), फतेहाबाद रोड, आगरा- मो. 8193085608
- सौदागर लाइन, सदर बाजार, पवन होटल के नीचे, आगरा-मो. 7055500774
- आतम मार्केट, नौलक्खा क्रॉसिंग, सदर बाजार, आगरा-मो. 7055500775
- कैला देवी ढ़ाबा के बगल में नोयडा एक्सप्रेस-वे के पास छलेसर रोड, आगरा-मो. 9634298943
- पाठक प्रेस, पूर्वी गेट, ताजमहल के पास, आगरा-मो. 9997644141

दिल्ली शाखायें :
- शॉप नं. 101, कनॉट पेलेस, आउटर सर्किल हल्दीराम शोरूम के सामने, नई दिल्ली-मो. 011-23327171
- शॉप नं. 2365, मैन रोड रोड, वैस्ट पटेल नगर, मैट्रो पिलर 215, नई दिल्ली-मो. 011-25702714

**Advocate Manish Agarwal Jolly**
M/S Chunna Babu Vinesh kumar Advocate & Co ( Estd 1951)
Trademark - Copyright Registration & Litigation Experts
Mob.: 98972-24192 96750-66606

### मण्डलायुक्त ने ली कर-करेत्तर के कार्यो एवं राजस्व वसूली की समीक्षा

# कम मांग वसूली की होगी जांच

एनएनआई



**आगरा।** मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कर करेत्तर राजस्व वसूली की ऑनलाइन मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। आगरा मण्डल में वाणिज्य कर में मथुरा में अच्छी वसूली की गयी, अन्य जिलों में वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए गये। स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन में आगरा में प्रति अमीनवार वसूली इस माह भी सबसे कम रही। आयुक्त द्वारा मांग धनराशि के सापेक्ष वसूली करने एवं पोर्टल पर अंकित मांग वसूली कम दिखाए जाने पर एक बार जांच करने के निर्देश दिए। इसके अलावा शासन स्तर से सभी जिलों में भेजी गयी पुरानी आरसी के सापेक्ष भी वसूली किए जाने के निर्देश दिए।

परिवहन मद में मथुरा की प्रगति अच्छी रही। विद्युत में आगरा में मांग के अनुसार वसूली करने, खनिज मद में आगरा में हुई वसूली के डेटा को पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए। ओवरऑल वसूली की समीक्षा में मथुरा की सबसे अच्छी प्रगति एवं आगरा में मांग के अनुसार वसूली प्रगति कम रही। मथुरा और फिरोजाबाद में भी वसूली पर ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की समीक्षा की गयी। आगरा में सबसे ज्यादा लंबित प्रकरण होने पर निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी जिलों में नियमित निस्तारण की प्रक्रिया चलती रहे, कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। ई परवाना पर भी लगातार ध्यान दिया जाए। अंश निर्धारण में त्रुटि सुधार हेतु आने वाले प्रार्थना पत्रों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। आयुक्त द्वारा निर्देश दिए कि एक अभियान चलाकर निस्तारण में तेजी लाई जाए, राजस्व निरीक्षक व तहसीलदार द्वारा बड़े पैमाने पर किए जा रहे असहमतों के प्रकरणों की भी जांच की जाए। अकारण असहमत न हो। वहीं राजस्व वादों के निस्तारण में इस बार मैनपुरी को छोड़कर अन्य जिलों की रैकिंग में गिरावट देखी गयी। सभी जिलों में 3 वर्ष से उपर लंबित वादों के प्रमुखता से निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए गये।

धारा 24 में आगरा और फिरोजाबाद की रैकिंग में गिरावट दर्ज हुई। 6 माह व एक वर्ष से अधिक लंबित वादों के निस्तारण करने के निर्देश दिए। धारा 34 में मैनपुरी को छोड़कर अन्य जिलों की रैकिंग में गिरावट देखने को मिली। वसूली की लक्ष्य प्राप्ति हेतु मथुरा में अधिक प्रयास करने एवं लंबित प्रकरणों पर कार्य करने के निर्देश दिए। धारा 67 में 3 व 5 वर्ष से अधिक लंबित, धारा 80 में आगरा में 45 दिन से अधिक वाले एक लंबित प्रकरण धारा 101 में 3 माह से अधिक लंबित प्रकरणों के निस्तारण करने के निर्देश दिए। धारा 116 में लंबित प्रकरण अधिक संख्या में होने पर निर्देश दिए गये कि लेखपाल के द्वारा कार्य लेते हुए गुणवत्ता के साथ अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण किए जाएं एवं सभी जिलों की रैकिंग में सुधार लायें।

जनपदवार जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिए कि सभी राजस्व न्यायलयों में उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और नायाब तहसीलदार द्वारा नियमित सुनवाई की जाए। जहां पर भी वकीलों द्वारा हड़ताल की जा रही है, वहीं वकीलों से बातचीत कर समस्या का हल निकाला जाए। जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आगामी माह में अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायाब तहसीलदार के साथ बैठकर वाद निस्तारण की समीक्षा करें। समीक्षा में सबसे ज्यादा और सबसे कम वाद निस्तारण करने वाले अधिकारियों की सूची तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करें। बैठक में अंत में अवर न्यायलयों को प्रेषित लगभग 1612 मांग पत्र उपलब्ध न कराये जाने पर आयुक्त महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी। सभी न्यायलयों की सूची जारी करते हुए मांग पत्रावली उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए गये।

बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन राजेश कुमार, जिलाधिकारी मथुरा सीपी सिंह, जिलाधिकारी फिरोजाबाद रमेश रंजन, मैनपुरी जिलाधिकारी श्री अंजनी सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त आगरा श्रीमती शुभांगी शुक्ला सहित सभी अपर जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी व तहसीलदार मौजूद रहे।

## टीजड़ी पर मेहंदी नाइट और डांस में महिलाओं का जलवा




एनएनआई

**आगरा।** जय झूलेलाल सेवा संगठन एवं वीएसएसएस वूमेन्स विंग्स, आगरा द्वारा सिन्धी महिलाओं के लिए टीजड़ी त्यौहार के अवसर पर निःशुल्क मेहंदी नाइट और डांस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम कमला नगर डी-506 पर हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ सिन्धी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्यामदास देवनानी, परमानंद आतवानी एवं भजनलाल प्रधान श्याम भोजवानी, जगदीश डोडानी,ने भगवान झूलेलाल साईं के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। प्रेरणास्रोत दीदी भगवती साजनानी ने भी विशेष रूप से सहभागिता की।

शुरूआत में महिलाओं ने पारंपरिक सिन्धी डांस की रंगारंग प्रस्तुतियां देकर वातावरण को उल्लासमय बना दिया। मीडिया प्रभारी तरुण कुमार एवं कमल जुमानी ने बताया कि मेहंदी नाइट में लगभग 400 महिलाओं ने अपनी पसंद की मेहंदी लगवाई। इसके साथ ही महिलाओं ने तंबोला खेल का आनंद लिया, जिसमें विजेताओं को आकर्षक उपहार प्रदान किए गए।

जय झूलेलाल सेवा संगठन के अध्यक्ष,दीपक मीडिया प्रभारी तरुण कुमार व कमल जुमानी आतवानी,महामंत्री राजीव नागरानी,वीएसएसएस वूमेन्स विंग्स की श्रीमती वर्षा वंजानी, कशिश नैनानी, सोनिया मोहनानी, जिया रमत्रि, दीपा लालवाणी, अन्नू अतवानी, आरती अतवाणी रजनी नवलानी संचिता जुमानी रितिका जुमानी आदि मौजूद रही।

## विश्व शांति महायज्ञ के साथ संपन्न हुआ सोलह दिवसीय विधान

एनएनआई

**आगरा।** वर्धमान युवा मंडल के तत्वावधान में मारुति स्टेट स्थित श्री महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर कलाकुंज में सोलह दिवसीय शांतिनाथ विधान का आयोजन किया गया।जिसका समापन 11 अगस्त को विश्व शांति महायज्ञ एवं सम्मान समारोह के साथ हुआ। इसमें सोलह दिन के सोलह परिवारों ने पंडित अंकित जैन के निर्देशन में मंत्रोच्चार के साथ विश्व शांति के लिए महायज्ञ में आहुतियां देते हुए विश्व शांति की कामना कर विधान का समापन किया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी ने वर्धमान युवा मंडल की नवीन कार्यकारिणी सदस्यों का एवं पंडित अंकित जैन शास्त्री का दुपट्टा एवं माला पहनाकर स्वागत सम्मान कियोविधान के समापन के बाद वर्धमान युवा मंडल द्वारा सभी भक्तों के लिए वात्सल्य भोज की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर रविंद्र जैन,अजय जैन,मुकेश जैन भगत,ऋषभ जैन,राजीव जैन,आदित्य जैन भगत,संयम जैन भगत,दिव्यांशु जैन सीए,कपिल जैन,युवराज जैन, राहुल जैन,रोहित जैन,दीपक जैन मीडिया प्रभारी शुभम जैन,रश्मि जैन, मंजरी जैन,रतिभा जैन,ममता जैन, स्वीटी जैन,समस्त कलाकुंज जैन समाज एवं वर्धमान युवा मंडल के सदस्य बडी.संख्या में मौजूद रहे।



## विवि में अंतर्विभागीय खेल प्रतियोगिताएं आज से शुरू

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग द्वारा 12 और 13 अगस्त 2025 को अंतर्विभागीय पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन कुलपति प्रो आशु रानी के निर्देशानुसार और कुलसचिव अजय मिश्रा के मार्गदर्शन में किया जाएगा। विभागाध्यक्ष डॉ. अखिलेश चन्द्र सक्सेना ने बताया कि प्रतियोगिताओं में विभिन्न पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया है। 12 अगस्त को खेले जाने वाले खेलों में खो-खो, रस्साकशी, गिल्ली डंडा और स्टील द बेकन प्रतियोगिताएं होंगी। वहीं, 13 अगस्त को कबड्डी, सात पत्थर, वन लेग टैग और मल्लखंभ प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।



उन्होंने बताया कि ये प्रतियोगिताएं एकल एवं समूह दोनों स्वरूपों में होंगी और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। सभी विभागों से अपने-अपने छात्रों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह आयोजन विश्वविद्यालय के पारंपरिक खेलों के संरक्षण एवं प्रोत्साहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## कृमि संक्रमण से बचाव को बच्चों को खिलाई अल्बेंडाजोल की दवा

**आगरा एनएनआई।** जिले में सोमवार को ताजगंज स्थित नगर निगम इंटर कॉलेज और रोज पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया, जहां नोडल अधिकारी डॉ. सुरेंद्र मोहन प्रजापति और पार्षद सुधीर राठौर ने स्कूली बच्चों सूर्यांश, तेजस, यश, हेमंत और शादमान को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर कृमि संक्रमण से बचाव के लिए अभियान का शुभारंभ किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान के दौरान एक से 19 साल तक के लगभग 21 लाख बच्चों और किशोर-किशोरियों को अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। अभियान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मदद से एक से पांच साल तक के बच्चों को दवा दी जाएगी। जबकि स्वास्थ्य विभाग की टीम स्कूलों में छह से 19 साल तक के बच्चों व किशोरों को शिक्षकों की मदद से दवा खिलाएंगे।

सीएमओ ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि यह दवा चबाकर खानी है। टीम दवा अपने सामने खिलाएगी। किसी भी बच्चे या परिजन को दवा बाद में खाने के लिए नहीं दी जाएगी। कृमि संक्रमण से बचाव के लिए 1 से 19 वर्ष के सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा का सेवन अवश्य कराएं।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. सुरेंद्र मोहन प्रजापति ने बताया कि कृमि मुक्ति दिवस पर जो बच्चे और किशोर-किशोरियां दवा खाने से छूट जाएंगे उन्हें 14 अगस्त को मॉप अप राउंड में पेट के कीड़े निकालने की दवा खिलाकर आच्छादित किया जाएगा। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर नगर निगम इंटर कॉलेज और रोज पब्लिक स्कूल में 580 छात्रों ने दवा खाई ' सोमवार को 637 स्कूलों और 3004 आंगनबाड़ी केंद्रों पर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ताजगंज की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्चना आरएस लाकड़ा ने बताया कि सभी स्कूलों के अध्यापकों से अपील है कि वह बच्चों व अभिभावकों को एल्बेंडाजोल गोली के बारे में बताएं, जिससे कि उनकी झिझक खत्म हो और बच्चे दवा खाएं। उन्होंने बताया कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए एल्बेंडाजोल की गोली खिलाना जरुरी है। उन्होंने बताया कि एक से दो साल तक के बच्चों को आधी गोली और दो से 19 साल तक बच्चों व किशोरों को पूरी गोली खिलाई जाएगी। छोटे बच्चों को गोली पीसकर दी जानी है। जबकि बड़े बच्चे गोली चबाकर खा सकेंगे।



# सनसनी: रेलवे यार्ड के पास मिला युवती का शव

एनएनआई



**आगरा।** अछनेरा यार्ड के पास झाड़ियों में एक युवती का शव स्थानीय लोगो को मिला। महिला के गले मे दुपट्टे का फंदा, मुंह मे कपड़ा ठूसा हुआ था और हाथ पर नाम का टैटू भी गुदा गया है। आशंका जताई जा रही है कि युवती के साथ जबरदस्ती की गई है। सूचना पर मौके पर जीआरपी और आरपीएफ की टीम भी पहुँच गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजकर शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं।

अछनेरा रेलवे के गेट नम्बर 18 के कचौरा रोड पर मंगलवार सुबह स्थानीय महिलाएं भैंसों को बांधने के लिए पहुँची थी। अचानक उनकी नजर पास की झाड़ियों में पड़ी युवती के शव पर पड़ी। शोर मचाने पर अन्य ग्रामीण मौके पर पहुँच गए। युवती लाल रंग की कुर्ती और काले रंग की सलवार पहने हुई थी। उसके गले मे दुप्पटा और मुँह में कपड़ा ठूसा हुआ था। चेहरे पर चोट के निशान देख मृतका के साथ जबरदस्ती किये जाने का अंदाजा लगाया जा रहा है। मृतका के हाथ पर उसके नाम का टैटू भी गुदा हुआ है। शव के पास ही एक बैग पड़ा हुआ था जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। युवती की चप्पलें भी शव से चंद कदमो की दूरी पर पड़ी हुई थीं।

मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। मौके पर साक्ष्य एकत्र कर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पोलिवे मृतका की शिनाख्त और दोषियों की तलाश में जुटी हुई है

## गल्ला मंडी से साढ़े छह कुंतल सरसों चोरी

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। कस्बे के बाईपास मोड़ स्थित नवीन मंडी परिषद गल्ला मंडी में चोरों ने एक आढ़त से तेरह कट्टे सरसों के पीछे की दीवार फांद कर चोरी कर लिए गए।

बता दे गल्ला मंडी में मोहनलाल विनीत कुमार की आढ़त है जिसके बाहर उनके सरसों के कट्टे लगे हुए थे वहीं से रविवार रात्रि मंडी के पीछे की दीवार फांदकर चोरों ने 13 कट्टे सरसों के चोरी कर लिए गए ।घटना की जानकारी सोमवार को आढ़त पर आने पर हुई । पीड़ित रोहित कुमार द्वारा थाना पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया है ।वही सीसीटीवी कैमरे में देखने पर पता चला है कि चोरों द्वारा लोडिंग टेंपो मंडी की दीवार के पीछे लगाकर सरसों को चोरी किया गया ।वही बता दें कृषि उत्पादन मंडी समिति के चौकीदार भी मंडी में तैनात रहते हैं किसी को भी चोरी का भान नहीं हुआ। व्यापार मंडल के राकेश शक्करपुरिया ने मांग की है कि मंडी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए।

# गोवंश ने दो युवकों को सींग पर उठा कर पटका

### पेट में घुस गये सींग, दर्दनाक मौत



एनएनआई

**बाह।** कैंजरा मार्ग पर डेरक के पास रविवार रात 9.15 बजे बाइक टकराने पर गोवंश ने दो सवारों अभयपुरा खेडा राठौर के लाल खां (21), सुनरट्टी बाह के उजैब (15) को सींगों पर उठा कर सड़क पर पटका। दोनों के पेट में सींग घुस गये। जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई। तीसरे साथी सुनरट्टी के दानिश के बाइक से उछल कर खेत में गिरने जान बच गई। अभयपुरा के राजू की बाह में बाइक रिपेयरिंग की दुकान है। सुनरट्टी के उजैब और दानिश उसकी दुकान पर काम करते थे। रविवार को राजू के बेटे की छठी की दावत थी। जिसमें दोनों शामिल होने गये थे। दावत के बाद राजू का भाई लाल खां दोनों को छोड़ने के लिए बाइक से बाह के लिए निकला था। रात 9.15 बजे डेरक के पास सड़क पर आए गोवंश से बाइक टकरा गई। टक्कर के बाद सबसे पीछे बैठा दानिश उछल कर खेत में गिरा। जबकि लाल खां और उजैब बाइक में फंसे रह गये। गोवंश ने दोनों को सींग पर उठा कर सड़क पर पटका, इस दौरान दोनों के पेट में सांड के सींग घुस गये। सूचना पर पहुंचे परिजन दोनों घायलों को इलाज के लिए बाह सीएचसी पर ले पहुंचे। जहां पर चिकित्सक ने उजैब को मृत घोषित कर दिया। जबकि लाल खां की सैफई पीजीआई ले जाते समय मौत हो गई। दोनों मृतकों के परिवार मातम में डूबे हैं।



## नंदगांव तिराहे पर ऑटो चालकों में लात-घूंसे

**पिनाहट** एनएनआई। पिनाहट नंदगांव तिराहे पर सोमवार को ऑटो चालकों के बीच सवारियों को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि बात हाथापाई और लात-घूसों तक पहुंच गई। झगड़े के दौरान भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे मौके पर जाम की स्थिति बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो ऑटो चालकों के बीच पहले कहासुनी हुई, फिर दोनों ने एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसाने शुरू कर दिए। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।स्थानीय लोगों का कहना है कि नंदगांव तिराहे पर ऑटो चालकों के बीच झगड़े आम बात हो गई है। वे मनमाने तरीके से सवारियां छीनते हैं और विवाद खड़ा कर देते हैं, जिससे राहगीरों को परेशानी होती है।

# चोवा स्थित प्राचीन शिव मंदिर जलमग्न, आक्रोश



एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** नगर पालिका क्षेत्र में स्थित सैकड़ों वर्ष पुराना चोवा वाला शिव मंदिर पानी में जलमग्न है। मंदिर तक पहुंचने के लिए कोई रास्ता नहीं है, जिससे स्थानीय लोगों और हिंदूवादी संगठनों में आक्रोश है।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के नेता ओमी टीकरी और हरिओम मंगल ने पानी की निकासी कराकर मंदिर के सौंदर्यकरण की मांग की है। उनका कहना है कि मंदिर की स्थिति को सुधारने के लिए जल्द ही कोई कार्रवाई नहीं की गई तो समस्त हिंदू समाज और हिंदूवादी संगठन धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। हिंदूवादी नेताओं ने जनप्रतिनिधि और नगर पालिका परिषद को चेताते हुए कहा है कि वह जल्द ही इस मामले को संज्ञान में लें और मंदिर की स्थिति को सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। अगर ऐसा नहीं किया गया तो हिंदूवादी संगठन आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

हिंदूवादी नेताओं का आरोप है कि स्थानीय बच्चे कभी-कभी नाव के द्वारा मंदिर तक पहुंचते हैं, लेकिन मंदिर की स्थिति को देखते हुए यह बहुत ही जोखिम भरा है।

# यमुना में उफान: बटेश्वर में महिला स्नान घाट डूबा

### कच्चे रास्तों पर भरने लगा पानी, बाढ़ की आशंका से नदी किनारे के 35 गांवों में हड़कंप



बाह। विभिन्न बांधों से लगातार छोड़े जा रहे पानी के चलते सोमवार को भी यमुना नदी में उफान जारी रहा। उफान के पानी में बटेश्वर में महिला स्नान घाट डूब गया है। दूसरे घाटों पर भी पानी बढ़ने के साथ बहाव तेज हो गया है। बटेश्वर, कल्यानपुर, भरतार, भौंर, स्याइच के कछार के खेत डूब गये हैं। बिक्रमपुर कछार, बिठौली, गगनकी, सुंसार, चरीथा, बाग गुड़ियाना के तराई के खेतों में बाजरा, तिल की फसलें डूब कर नष्ट हो गई हैं। बाह के 35 गांवों के कछार के खेतों में यमुना के उफान का पानी भर गया है। सोमवार को नदी के बढ़े जलस्तर से तराई और कछार के खेतों में डूबी फसलों को लेकर चिंतित ग्रामीण किसानों की धड़कनें तेज हो गई हैं। यमुना के जारी उफान के चलते तराई के गांव बिक्रमपुर घाट, चरीथा, बड़ापुरा, कोट का पुरा, गगनकी, पुरा चतुर्भुज में बाढ़ की आशंका से ग्रामीण सहम गये हैं। इन गांवों के बीहड़ से जुड़ने वाले रास्तों पर यमुना के उफान का पानी भरने लगा है। लगातार नदी के जलस्तर पर नजर गढ़ाए बैठे हैं। प्रशासन ने बचाव और राहत के लिए 5 बाढ़ चौकियां बटेश्वर, बिक्रमपुर, पारना, कचौराघाट, रामपुर चंद्रसेनी में बनाई हैं। एसडीएम बाह हेमंत कुमार ने बताया कि यमुना नदी का जलस्तर धीमी गति से बढ़ रहा है। आबादी क्षेत्र प्रभावित नहीं हुआ है। नदी के जलस्तर पर नजर रखी जा रही है। ग्रामीणों को नदी क्षेत्र में न जाने के लिए सतर्क किया गया है।


## बटेश्वर घाट पर उफनाई यमुना में बहा छात्र

**बाह।** बटेश्वर के महादेव घाट पर सोमवार सुबह 9 बजे उफनाई यमुना में नहाते समय बोदला आगरा का करन (13) डूब कर बह गया। वह कक्षा 7 की पढ़ाई कर रहा था। गोताखोर नदी में बहे छात्र की तलाश कर रहे हैं। बोदला आगरा का करन पुत्र आनंद गोस्वामी रक्षाबंधन पर अपनी मां कल्पना के साथ ननिहाल बटेश्वर आया था। करन के नाना गौरीशंकर एवं मामा राहुल गोस्वामी ने बताया कि सोमवार की सुबह 9 बजे करन महादेव घाट पर स्नान कर रहा था।

# लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का किया जा रहा खून



लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमले की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। कलम के सिपाहियों पर दिनोंदिन बढ़ती घटनाओं से साबित होता है कि पत्रकारों के कलम की धार खत्म करने की कोशिशें की जा रही हैं। हाल में ही उत्तर प्रदेश में कई पत्रकारो की जान ले ली गई। पंजाब में पुलिस द्वारा पत्रकार के साथ जो खूनी खेल खेला गया वह बेहद डरावना है। देश में लगातार भूमाफिया, वन माफिया, शराब माफिया, खनिज माफियाओं द्वारा पत्रकारों पर लगातार किए जा रहे हमले और सिस्टम के चलते लोकतंत्र का चौथा स्तंभ आज अपने आप को बेबस और लाचार महसूस कर रहा है अपनी कलम के दम पर गरीब, पीड़ितों, मजलूमों की आवाज बुलंद कर उन्हें न्याय दिलाने का खामियाजा क्या अब पत्रकारों को अपनी जान देकर चुकाना पडेगा। आखिर कब तक पत्रकारों के खून से होली खेली जाती रहेगी। कब तक हमले होते रहेंगे। क्या इसको लेकर राज्य और केन्द्र सरकार कोई कड़े कदम उठाएगी।



## बटाला में पत्रकार की दो सब इंस्पेक्टरों ने की हत्या



पंजाब के बटाला शहर से एक बेहद ही चौंकाने और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ एक पत्रकार की कथित तौर पर पुलिसकर्मियों की बेरहमी का शिकार होकर जान चली गई। आरोप है कि दो सब-इंस्पेक्टरों ने पत्रकार की पीट-पीटकर हत्या कर दी, जिससे गर्दन पर जोरदार लात मारने पर उसकी गर्दन तक टूट गई,यह घटना सीसी कैमरे में कैद है जिसका वीडियो भी वायरल हुआ हैं।यह घटना सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता और पुलिस की जवाबदेही पर एक गंभीर सवालिया निशान लगाती है। इस नृशंस घटना की कड़ी निंदा करते हुए भारतीय मीडिया फाउंडेशन (नेशनल) एवं इंटरनेशनल मीडिया आर्मी की टीम ने अपनी आवाज बुलंद की है। इस मामले में न्याय की मांग तेज हो गई है। यूनियन ने पंजाब और केंद्र सरकार से जोरदार अपील की है कि दोषी पुलिसकर्मियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

भारत में स्वतंत्र पत्रकारिता पर एक नया खतरा मंडरा रहा है। पिछले एक दशक में पत्रकारों के खिलाफ कानूनी कार्यवाहियों के साथ अप्रिय घटनाओं में खतरनाक इजाफा हुआ है, जो पत्रकारों की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति के अधिकार के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। पत्रकारों पर बढ़ते जुल्म और सरकारी कार्यवाही एक गंभीर चिंता का विषय है, जो प्रेस की स्वतंत्रता और लोकतंत्र को कमजोर करता है। ईमानदार और सूचना आधारित पत्रकारिता जैसी लोकतांत्रिक स्वतंत्रता की बुनियादी आकांक्षाओं को कभी भी पूरी तरह से दबाया नहीं जा सकता है। नागरिकों की आवाज को खबरों में जगह दे... पत्रकार का दायित्व होता है। अगर वह सच्चाई सामने नहीं लाएगा, जनता की परेशानियों तथा उनकी नाराजगी को सामने नहीं रखेगा, तो पत्रकारिता अपना मूल उद्देश्य खो देगी। लेकिन आलम यह है कि शासन तंत्र अपने खिलाफ कोर्ट भी स्वर नहीं सुनना चाहता। लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने वाले इस अन कारक की ओर ध्यान देना होगा कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ही है जो भारत के लोकतंत्र को मजबूत करती है।

पत्रकारों पर बढ़ते जुल्म और सरकारी कार्यवाही एक गंभीर चिंता का विषय है, जो प्रेस की स्वतंत्रता और लोकतंत्र को कमजोर करता है। भारत के पत्रकारों के लिए रिपोर्टिंग अब केवल सवाल पूछने की कवायद नहीं रही—बल्कि यह साहस का प्रतीक बन गई है। पत्रकारों को सिर्फ कानूनी जाल में फंसाया नहीं जा रहा, बल्कि उन्हें मानसिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से तोड़ा जा रहा है।अनेक मामलों में चार्जशीट तक दाखिल नहीं होती, लेकिन मामला सालों तक अदालतों में लटका रहता है। इस बीच पत्रकारों का करियर रुक जाता है, मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ता है, और आर्थिक दबाव उन्हें पेशा छोड़ने पर मजबूर करता है। भारत सरकार को पत्रकारों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया के दुरुपयोग पर सख्ती से रोक लगानी चाहिए और प्रेस की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए न्यायपालिका को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।पत्रकारिता अपराध नहीं है, और सवाल पूछना देशद्रोह नहीं होना चाहिए। यदि सच बोलने वालों को ही कटघरे में खड़ा किया जाएगा, तो झूठ अपने आप विजेता बन जाएगा।

## संपादकीय

# तुगलकी टैरिफ और भारत

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को फंड करने का इल्जाम भारत पर मढ़ा तथा टैरिफ बढ़ाने की धमकी दी तो भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका ने खुद रूस से यूरेनियम, पैडियम, फर्टिलाइजर्स और केमिकल्स का आयात जारी रखा है। इसी तरह यूरोपियन यूनियन अपनी जरूरत की चीजें रूस से लगातार मंगवा रहा है। जबकि ये दोनों रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए भारत को अनुचित एवं अन्यायपूर्ण ढंग से निशाना बना रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने दो टूक कहा कि किसी अन्य बड़ी अर्थव्यवस्था की तरह भारत अपने राष्ट्रीय हितों एवं आर्थिक सुरक्षा की हिफाजत करेगा। ट्रंप के टैरिफ का डंडा चलते ही सत्ताधारी पार्टी के समर्थक फैलाने में जुट गए हैं कि इस अमेरिकी कदम का असल नुकसान अमेरिका के लोगों को उठाना होगा। अभी कुछ समय पहले, जब तक अमेरिका से द्विपक्षीय व्यापार समझौते की संभावना कायम थी, यह इकॉसिस्टम इसे सरकार की बड़ी उपलब्धि बताने में जुटा था कि भारत संभवतः ट्रंप के टैरिफ से बच जाएगा। तब बताया जा रहा था कि समझौते से भारत के क्या- क्या फायदे होंगे। मगर अब कहानी बदल गई है। जबकि हकीकत यह है कि अमेरिका को निर्यात से जुड़े भारतीय कारोबारी घोर आशंकाओं से गुजर रहे हैं। मसलन, वस्त्र निर्यातकों की संस्था एपेरेल एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल ने कहा है कि भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगना एक बड़ा झटका है। जेम एवं जुलरी एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल ने आगाह किया है कि ट्रंप के टैरिफ का उनके कारोबार पर बेहद गंभीर असर होगा और इस कारण बड़ी संख्या में नौकरियां जाएंगी। काउंसिल ने छह अगस्त जिस रोज ट्रंप ने टैरिफ बढ़ा कर 50 प्रतिशत किया उसे अंधकारमय दिन करार दिया। दरअसल, भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाली अधिकांश सामग्रियां अति उच्च या उच्च आयात शुल्क की श्रेणियों में आ गई हैं। सिर्फ पेट्रोलियम उत्पाद, औषधि और स्मार्टफोन निम्न टैरिफ के दायरे में हैं, लेकिन ट्रंप ने जल्द ही औषधियों पर ऊंचा शुल्क लगाने की बात कही हुई है। 50 फीसदी टैरिफ होने के बाद भारत ज्यादातर दूसरे देशों की तुलना में अमेरिकी टैरिफ का अधिक बोझ झेलने वाला देश बन गया है। इसका नुकसान अपरिहार्य है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इससे प्रभावित तबकों को राहत देने के उपायों पर सोच-विचार के बजाय सत्ता पक्ष की नैरेटिव गढ़ने वाली इंडस्ट्री लोगों को उलटी कहानी बताने में जुट गई है। वैसे आरंभ से ही साफ था कि ट्रंप का मकसद सिर्फ अमेरिका के व्यापार घाटे को पाटना नहीं है। बल्कि वे आयात शुल्क का इस्तेमाल दुनिया के भू-राजनीतिक समीकरणों एवं शक्ति संतुलन को अमेरिका के माफिक ढालने के लिए कर रहे हैं। इस संदर्भ में ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा का ये कथन प्रासंगिक है कि ट्रंप विश्व सम्राट जैसा व्यवहार कर रहे हैं, जबकि दुनिया को सम्राट की जरूरत नहीं है। गौरतलब है कि ट्रंप ने ब्राजील की आंतरिक राजनीति एवं न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के मकसद से उस पर ऊंचा टैरिफ लगा दिया। भारत पर भी व्यापार से इतर मुद्दों को लेकर अतिरिक्त टैरिफ की धमकी दी गई है। भारत की यह विनम्र नीति भी उचित नहीं है। अमरीका ने चीन पर जब 145 फीसदी का टैरिफ घोषित किया था, तो चीन ने पलटवार में प्रतिक्रिया जताई थी, नतीजतन ट्रंप ने टैरिफ 30 फीसदी तक लुढका दिया। यह भारत के साथ भी संभव है, यदि भारत कुछ कड़ा कदम उठाए और व्यापार समझौते को फिलहाल लटका दे। सीजफायर और टैरिफ को लेकर डॉनल्ड ट्रंप के दावों-आरोपों का भारत ने अभी तक जो भी जवाब दिया, उसमें भाषा नम्र और सांकेतिक रखी गई। यदि भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लागू कर दिया जाता है, तो भारत पर 3 लाख करोड़ रुपए का टैरिफ बढ़ेगा। हालांकि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर बहुत कम असर पड़ेगा। यदि ट्रंप टैरिफ बढ़ाते हैं तो उत्पादों का निर्यात प्रभावित होगा और अमरीकी बाजार में भारतीय वस्तुएं महंगी मिलती हैं, तो एक नकारात्मक संदेश भी जाएगा।

भारत में व्यापार भी प्रभावित होंगे, तो उत्पादन कम होगा, लिहाजा नौकरियों पर भी गाज गिर सकती है। फिर भी भारत अडिग है कि वह 1.4 अरब लोगों के ही हित में काम करेगा। हकीकत यह है कि खुद अमेरिका की अर्थव्यवस्था इस समय संकट के दौर में है। ट्रंप की नीतियों के चलते अमेरिकी अर्थशास्त्रियों को वहां महंगाई दर बढ़ने का डर है, जिससे आर्थिक विकास दर पर बुरा असर होगा। ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के कारण अगर अमेरिका में मंदी के हालात बनते हैं, तो असर दूसरे मुल्कों पर भी होगा।



# सबको छोड़कर जिंदगी की नयी शुरुआत करना चाहती हैं श्रुति हासन

साउथ के चर्चित एक्टर कमल हासन की बेटी और एक्ट्रेस श्रुति हासन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की। इसमें लिखा है, 'कई बार मन होता है कि सबको छोड़कर एक नई जिंदगी शुरू करूं। लेकिन फिर मन में आवाज उठती है, खुद पर भरोसा रखो और डटे रहो।' इस पोस्ट को एक वीडियो के साथ श्रुति हासन ने शेयर किया, जिसमें वह फाइट सीन्स कर रही हैं। श्रुति के फैन पेज ने पहले यह वीडियो साझा किया था,जिसे श्रुति ने भी पोस्ट किया है। इस पोस्ट पर यूजर्स ने, श्रुति के फैंस ने भी रिएक्शन दिया है। एक्ट्रेस को जिंदगी से जुड़ी जरूरी सलाह दी है।यूजर्स ने श्रुति हासन की पोस्ट पर ही कमेंट करके उन्हें जिंदगी से जुड़ी जरूरी सलाह दी है। एक यूजर लिखता है, 'श्रुति, आपके मन में उठ रहे दर्द का अहसास हमें भी है। लेकिन उस आवाज पर भरोसा करें, जो आपको जिंदगी में डटे रहने के लिए कहती है। यही प्यार है, इससे ही आप हीलिंग की तरफ आगे बढ़ेंगी। आप जितना दिख रही हैं, उससे कहीं ज्यादा मजबूत हैं। आपकी खूबसूरत, जिंदगी की कहानी के कई चैप्टर अभी लिखे जाने बाकी हैं। इसलिए इंतजार ना करें। आज ही आगे बढ़ने का एक कदम उठाएं।' रजनीकांत की फिल्म 'कूली' 14 अगस्त को रिलीज होगी। इसमें रजनीकांत लीड रोल में हैं। वहीं श्रुति हासन का रोल भी काफी अहम है। फिल्म के ट्रेलर में श्रुति की झलक, अभिनय दर्शकों को पसंद आया है। इस फिल्म के अलावा श्रुति हासन फिल्म 'सालार 2' में साउथ एक्टर प्रभास के साथ भी नजर आएंगी।

# रिलीज से पहले ही की 'कुली' ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई



लोकेश कनगराज निर्देशित रजनीकांत की आगामी मेगा रिलीज फिल्म 'कुली' साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। फैन्स इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और यह दक्षिण और उत्तर दोनों क्षेत्रों में धूम मचा रही है। यह एक्शन एंटरटेनर अब हिंदी पट्टी में भी प्री-टिकट बिक्री में धूम मचा रही है। आइए यहां जानें कि 'कुली' के लिए पहले दिन अब तक कितनी एडवांस बुकिंग हो चुकी है और रिलीज से पहले इसने कितनी कमाई की है? रजनीकांत की 'कुली' का क्रेज रिलीज से पहले ही चरम पर है। दिलचस्प बात यह है कि यह फिल्म ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की 'वॉर 2' से क्लैश करेगी। इसके बावजूद 'कुली' का क्रेज अपने चरम पर है और फैन्स पहले दिन फिल्म देखने के लिए बड़ी संख्या में टिकट बुक कर रहे हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग के आंकड़ों पर गौर करें तो, सैकोनिल्क के आंकड़ों के अनुसार 'कुली' ने अब तक तमिल भाषा में 2D फॉर्मेट में 8 लाख 11 हजार 46 टिकट पहले ही बेच दिए हैं।

# कभी 91 किलो था वजन, आज हैं सबसे फिट सारा

**सारा अली खान बॉलीवुड इंडस्ट्री में अपने शानदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं, जिन्होंने साल 2018 में 'केदारनाथ' फिल्म से सिनेमाई दुनिया में कदम रखा था। एक समय एक्ट्रेस का वजन काफी अधिक था, लेकिन उन्होंने अपनी मेहनत और जज्बे से उसे कम किया और आज वो युवाओं के लिए प्रेर ास्रोत हैं। आज 12 अगस्त को अभिनेत्री अपना 30वां जन्मदिन मना रही हैं।**



सारा अली खान का जन्म 12 अगस्त 1995 को मुंबई, महाराष्ट्र में हुआ था। उनका बचपन का नाम सारा सुल्तान था और बाद में उनका प्रोफेशनल नाम बदलकर सारा अली खान कर दिया गया था। अभिनेत्री के पिता सैफ अली खान एक जाने-माने अभिनेता और पटौदी नवाब के बेटे हैं, जबकि उनकी मां अमृता सिंह लोकप्रिय अभिनेत्री रह चुकी हैं। एक्ट्रेस के छोटे भाई का नाम इब्राहिम अली खान है, जो एक अभिनेता हैं। सारा अली खान एक चर्चित और राजसी परिवार से ताल्लुक रखती हैं।

सारा अली खान ने अपनी स्कूलिंग मुंबई से की। फिर इसके बाद एक्ट्रेस ने कॉलेज अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय से किया। आपको बताते चलें कि कॉलेज के दौरान सारा का वजन 91 किलो हो गया था। इसके बाद सारा अली खान ने फिल्मों में जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत की और जिम, डाइट, एक्सरसाइज के सहारे 45 किलो वजन घटाकर युवाओं के लिए एक मिशाल पेश की।

सारा अली खान ने अपने करियर की शुरुआत साल 2018 से की। अभिनेत्री की पहली फिल्म थी 'केदारनाथ', जिसे अभिषेक कपूर द्वारा निर्देशित किया गया था। इस फिल्म में दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में सारा अली खान ने 'मंदाकिनी' का किरदार निभाया था, जिन्हें 'मंसूर' नाम के लड़के से प्यार हो जाता है, जो कुली रहता है। इस फिल्म में शानदार अभिनय के लिए अभिनेत्री को बेस्ट डेब्यू एक्ट्रेस के तौर पर फिल्मफेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। 'केदारनाथ' के बाद एक्ट्रेस ने रणवीर सिंह अभिनीत 'सिंबा' फिल्म में काम किया था। इसके बाद अभिनेत्री ने 'लव आज कल', 'कुली नं 1', 'अतरंगी रे', 'जरा हटके जरा बचके', 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' जैसी आदि फिल्में कीं। सारा अली खान को आखिरी बार 'मेट्रो इन दिनों' फिल्म में देखा गया था।

### सारा अली खान की लवलाइफ

सारा अली खान प्रोफेशन लाइफ से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रही हैं। सारा अली खान ने कार्तिक आर्यन से लेकर साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा सहित कई सेलेब्स को डेट किया है। हाल ही में सारा अली खान का नाम अर्जुन प्रताप बजवा संग जुड़ रहा है। दोनों को कई बार साथ में स्पॉट किया गया है। हालांकि, अभी तक दोनो की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र


## एथलीट गगनदीप को डोपिंग मामले में मिली तीन साल की सजा

राष्ट्रीय खेलों में जीत चुके स्वर्ण पदक




नई दिल्ली। राष्ट्रीय खेलों में चक्का फेंक के स्वर्ण पदक विजेता गगनदीप सिंह सहित कई खिलाड़ियों को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया है। इन खिलाड़यों ने डोपिंग का आरोप लगने के 20 दिनों के अंदर अपना अपराध स्वीकार कर लिया था, जिसके कारण उनकी सजा चार साल के बजाय तीन साल कर दी गई। सेना का प्रतिनिधित्व करने वाले गगनदीप ने 12 फरवरी को उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में पुरुषों की चक्का फेंक में 55 .01 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद वह डोपिंग जांच में पॉजिटिव पाये गये। उनके नमूने में टेस्टोस्टेरोन मेटाबोलाइट्स की पुष्टि होने के बाद उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया। इस 30 साल के खिलाड़ी की प्रतिबंध अवधि की शुरूआत 19 फरवरी 2025 से होगी। खिलाड़ी के पहले अपराध के लिए अधिकतम प्रतिबंध की अवधि चार साल है, लेकिन नाडा नियमों के अनुच्छेद 10 .8 (परिणाम प्रबंधन समझौता) के तहत अगर खिलाड़ी अपने अपराध को जल्दी स्वीकार कर लेता है तो उसकी सजा कम हो सकती है। गगनदीन से राष्ट्रीय खेलों का पदक वापस ले लिया जायेगा। संभावना है कि हरियाणा के खिलाड़ी निर्भय सिंह का रजत पदक अब स्वर्ण में बदल जाएगा। ट्रैक एवं फील्ड के दो अन्य एथलीट सचिन कुमार और जैनु कुमार को भी इसी प्रावधान का लाभ मिला है। इसके तहत उनके प्रतिबंध की अवधि को एक साल कम कर दिया गया है। सचिन का तीन साल का प्रतिबंध 10 फरवरी से शुरू हो गया है, जबकि जैनु के लिए यह तारीख 20 फरवरी है। इस प्रावधान का लाभ जूडो खिलाड़ी मोनिका चौधरी और नंदिनी वत्स, पैरा पावरलिफ्टर उमेशपाल सिंह और सैमुअल वनलालतन्पुइया, भारोत्तोलक कविंदर, कबड्डी खिलाड़ी शुभम कुमार, पहलवान मुगाली शर्मा, वुशू खिलाड़ी अमन और राहुल तोमर के अलावा एक नाबालिग पहलवान को भी मिला है।

# मार्शल आर्ट : इंडिपेंडेंस कप में मानव एकेडमी का 15 पदकों पर कब्जा

### 24 खिलाड़ियों ने लिया भाग; दिखाया दम

**वाराणसी।** मानव एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट्स के खिलाड़ियों ने इंडिपेंडेंस कप में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए छह स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक जीते। सिको काई इंडिया की ओर से दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता में एकेडमी के 24 खिलाड़ियों ने काता और कुमिते दोनों स्पर्धाओं में हिस्सा लिया था। सीनियर वर्ग में सत्यम पटेल (55 किग्रा) और अंशु गौतम ने कुमिते में कांस्य पदक जीतकर अपनी ताकत का परिचय दिया। कैडेट्स ग्रुप में कशिश पटेल ने दोहरा कमाल किया, उन्होंने कुमिते में स्वर्ण और काता में रजत पदक जीता। इसी वर्ग में आर्या मौर्या (47 किग्रा) ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि तुषार ने कांस्य पदक प्राप्त किया। सब-जूनियर वर्ग में भी एकेडमी का दबदबा कायम रहा। लक्ष्य गुप्ता, दक्ष राय, सत्यम कुमार और आकृति सिंह ने अपने-अपने इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर एकेडमी का गौरव बढ़ाया। अनंत गुप्ता, शौर्य श्रीवास्तव और अनुष्का शर्मा ने रजत पदक पर कब्जा किया, जबकि आदित्य कुमार ने कांस्य पदक जीता। अनंत गुप्ता ने इस प्रतियोगिता में एक और कांस्य पदक भी प्राप्त किया, जिससे उनके मेडल की संख्या दो हो गई।




### खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को कराटे इंडिया ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष हंशी भरत शर्मा ने मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। एकेडमी के बेहतरीन प्रदर्शन पर संस्था के अध्यक्ष भिक्षु चंदिमा थेरो, महासचिव किसलय मानव, संरक्षक श्वेत प्रकाश यादव, आफताब आलम और विश्वनाथ मौर्या ने खिलाड़ियों को बधाई दी। वरिष्ठ प्रशिक्षक कुंजन मौर्य, महेश गुप्ता, श्रवण कुमार, प्रभु प्रकाश, विनय कुमार और अरुण विश्वकर्मा ने भी विजेता खिलाड़ियों और उनके कोच ज्योति सिंह, आयुष मौर्य और टीम मैनेजर संदीप कुमार को शुभकामनाएं दीं। यह जानकारी मानव एकेडमी के सीनियर प्रशिक्षक अभिषेक सैनी ने दी।

## नौ साल तक डेट करने के बाद रोनाल्डो ने जॉर्जिना संग की सगाई

**एंगेजमेंट।** पुर्तगाल और अल नस्र के फुटबॉल स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पार्टनर जॉर्जिना रॉड्रिग्ज के साथ सगाई कर ली है। जॉर्जिना ने इंस्टाग्राम पर एंगेजमेंट रिंग की तस्वीर साझा की है। जॉर्जिना ने अपने हाथ और रोनाल्डो के हाथ की तस्वीर साझा की और कैप्शन में लिखा, 'हां मैं आपसे प्यार करती हूं। इस जिंदगी और आने वाली हर जिंदगी में।'

दोनों साल 2016 से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं और लगभग नौ साल बाद दोनों ने इस रिश्ते को एक कदम आगे बढ़ाने का फैसला लिया। दोनों की मुलाकात एक ब्रांड स्टोर में हुई थी। 2017 में इन दोनों ने अपने रिलेशन को ऑफिशियल किया था। इन दोनों के साथ में चार बच्चे हैं। एवा मारिया और मातेओ का जन्म 2017 में सरोगेसी से हुआ था। वहीं, 2017 में ही जॉर्जिना ने बेटी अलाना मार्टिना और 2022 में बेला एस्मेराल्डा को जन्म दिया था। इसके अलावा रोनाल्डो का एक बेटा भी है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो जूनियर, जिनका जन्म 2010 में हुआ था। जॉर्जिना फिलहाल पांचों बच्चों की देखभाल कर रही हैं।

जॉर्जिना, एक ट्रेन्ड डांसर हैं और उनका जन्म अर्जेंटीना में हुआ था। मैड्रिड जाने से पहले स्पेन के जाका में वह पली-बढ़ीं। रोनाल्डो और जॉर्जीना ने अपने जीवन को काफी निजी रखा था। हालांकि, जॉर्जिना जो एक मॉडल और इन्फ्लुएंसर के रूप में कई फैशन शो में दिखाई दीं, उन्होंने प्रशंसकों को नेटफ्लिक्स रियलिटी सीरीज 'आई एम जॉर्जीना' के साथ अपने जीवन की एक झलक दिखाई। रोनाल्डो ने डॉक्यूमेंट्री में जॉर्जिना को 'एक बहुत ही दिलचस्प लड़की, अपनी उम्र के लिए बहुत अधिक परिपक्व' के रूप में वर्णित किया था। रोनाल्डो और जॉर्जिना का परिवार अभी भी यूरोप में है, लेकिन ये कपल अपने बच्चों के साथ सऊदी अरब में है, क्योंकि रोनाल्डो सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब अल नस्र का हिस्सा हैं।



## 'क्या तेंदुलकर-एंडरसन को ट्रॉफी समारोह में आमंत्रित किया गया?'

### गावस्कर ने इंग्लैंड पर साधा निशाना



नई दिल्ली। भारत के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने इंग्लैंड और भारत के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के बाद पुरस्कार समारोह के आयोजन को लेकर इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) पर सवाल उठाए हैं। गावस्कर ने पूछा कि क्या एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के ड्रॉ होने के बाद सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन को पुरस्कार समारोह में आमंत्रित नहीं किया गया था?

### एंडरसन-तेंदुलकर के नाम पर खेली गई थी सीरीज

मालूम हो कि भारत और इंग्लैंड के बीच यह सीरीज एंडरसन-तेंदुलकर के नाम से खेली गई थी। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि यह उचित होता कि तेंदुलकर और एंडरसन, जो उस समय इंग्लैंड में थे, समारोह में उपस्थित होते। भारत ने ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच में छह रन से जीत दर्ज कर पांच मैचों की यह सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराई थी। उस मैच में मोहम्मद सिराज चमके थे जिन्होंने कुल नौ विकेट चटकाए थे जिसमें दूसरी पारी में पांच विकेट लेना शामिल है।

गावस्कर ने एक कॉलम में लिखा, यह क्रिकेट के दो महानत दिग्गजों, सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर आयोजित पहली सीरीज थी। उम्मीद तो यही थी कि दोनों कप्तानों को ट्रॉफी सौंपने के लिए मौजूद रहेंगे, खासकर जब सीरीज ड्रॉ रही। जहां तक मेरी जानकारी है, दोनों उस समय इंग्लैंड में थे। तो क्या उन्हें आमंत्रित ही नहीं किया गया? या क्या यह वैसा ही था जैसा इस साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया में हुआ था, जब सिर्फ एलन बॉर्डर को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी प्रदान करने के लिए कहा गया था क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज जीत ली थी? चूंकि इंग्लैंड की यह सीरीज ड्रॉ रही थी, इसलिए शायद दोनों में से किसी को भी प्रस्तुति में शामिल होने के लिए नहीं कहा गया था।

### नाम बदलने पर भी गावस्कर ने उठाए थे सवाल

गौरतलब है कि गावस्कर उन लोगों में शामिल थे जिन्होंने ट्रॉफी का नाम पटौदी ट्रॉफी से बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी करने पर सवाल उठाया था। इस दिग्गज बल्लेबाज ने यह भी कहा कि ट्रॉफी का नाम एंडरसन-तेंदुलकर की बजाय तेंदुलकर-एंडरसन रखा जाना चाहिए था। कड़ी प्रतिक्रिया के बाद ईसीबी ने घोषणा की थी कि विजेता कप्तान को पटौदी पदक दिया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि उनका नाम इस हाई-प्रोफाइल सीरीज से जुड़ा रहेगा।

## मंगलवार, 12 अगस्त राशिफल

आज मेष राशि से द्वादश भाव में चंद्रमा और छठे भाव में मंगल का होना इनके लिए बहुत अनुकूल नहीं है। आज आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आज आपो पित्त और पेट से संबंधित कुछ समस्या हो सकती है। आर्थिक मामलों में दिन खचीर्ला रह सकता है।

वृषभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन कुल मिलाकर सामान्य रहेगा। आपका वैवाहिक और पारिवारिक जीवन आज सुखद और अनुकूल रहेगा। आप आज धन संचय कर पाने में भी सफलता पाएंगे। आज आपके लिए धन कमाने के कुछ नए रास्ते खुल सकते हैं।

मिथुन राशि के लोगों के लिए आज मंगलवार का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको अपने काम में बड़ी सफलता मिलेगी। आज आपको अपने निवेश से भी अच्छा रिटर्न मिल सकता है और आप आर्थिक विषयों को बेहतर तरीके से मैनेज कर पाएंगे।

कर्क राशि के जातको के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आपको अपने काम में बड़ी सफलता मिलेगी। किसी नए प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी आपको मौका मिल सकती है। शेयर बाजार से जुड़ा काम करने वाले लोगों को आज निवेश से अच्छा लाभ मिल सकता है।

सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिश्रित रहने वाला है। आपको आज अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखना होगा क्योंकि भावुकता और जल्दबाजी में लिए गए निर्णय से नुकसान होने की आशंका है। आज आप अपने परिवार और दोस्तों के साथ सुखद समय बिता सकते हैं।

कन्या राशि के लोगों के लिए आज का दिन मानसिक रूप से उलझन भरा हो सकता है। सितारे कहते हैं कि आपको आज निजी और व्यावसायिक जीवन में कुछ उलझन और परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। बेहतर होगा कि आप आज अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें।

तुला राशि के लोगों के लिए आज मंगलवार का दिन बहुत ही शुभ रहेगा। आज आपको करियर में कोई सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। आपकी कोई मनोकामना पूरी होने से आपको आज खुशी मिलेगी। बिजनेस क्षेत्र में आगे बढ़ने का भी आज अच्छा मौका मिलेगा।

वृश्चिक राशि के जातको के लिए आज का दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। आपको आज अल्प प्रयास में ही बड़ी सफलता मिलने वाली है। लेकिन सितारे यह भी कह रहे हैं कि आपके विरोधी और शत्रु आज अधिक सक्रिय रह सकते हैं इसलिए इनसे आपको अलर्ट रहना चाहिए।

धनु राशि के लोगों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आपके लिए सितारे बताते हैं कि आज आप कुछ नया काम शुरू करने की बजाय अपने पुराने काम को निपटाने पर ध्यान देंगे तो यह आपके लिए बेहतर होगा। दिन भर आज व्यस्तता रहने से आप थकान और मानसिक परेशानी भी महसूस कर सकते हैं।

मकर राशि के लोगों के लिए आज मंगलवार का दिन शुभ रहेगा। चंद्रमा आपकी राशि से तीसरे भाव में आज संचार करेंगे। ऐसे में आज आपको कुछ ऐसी सफलता मिलेगी जिससे आपका चेहरा खिल जाएगा। आपकी अधूरी इच्छाएं आज पूरी हो सकती हैं और आपका मन प्रसन्न होगा।

कुंभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आपको आज अपनी वाणी और सेहत पर ध्यान देने की जरूरत है। सितारे कहते हैं कि क्रोध और आवेश में आज कुछ भी कहने से आपको बचना चाहिए नहीं तो आपके करीबी भी आपसे दूरी बना सकते हैं।

मीन राशि वालों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। आज आपको अपने कार्यों में सफलता मिलेगी और आप अपने जीवन की सभी चुनौतियों को आसानी से पार कर पाएंगे। आज आपको अपने परिवार और दोस्तों से भी पूरा सहयोग मिलेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# ‘एक शाम राष्ट्र के नाम’ में कवियों ने जगाई देशप्रेम की अलख

## संस्कार भारती की नवमी नमन काव्य गोष्ठी एवं एक शाम राष्ट्र के नाम विचार गोष्ठी सम्पन्न

एनएनआई



**आगरा।** संस्कार भारती, आगरा महानगर, बृज प्रान्त द्वारा आर्य समाज मंदिर, जयपुर हाउस में नवमी नमन काव्य गोष्ठी एवं एक शाम राष्ट्र के नाम विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भाग संघचालक अवधेश उपाध्याय, प्रांतीय साहित्य संयोजक डॉ. केशव शर्मा, अध्यक्ष इंजीनियर सुरेश चन्द्र अग्रवाल, साहित्यकार डॉ. नीलम भटनागर और वरिष्ठ कवि डॉ. ब्रजबिहारी लाल बिरजू ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर प्रखर राष्ट्रवादी कवयित्री डॉ. रूचि चतुर्वेदी को काव्य विभूषण सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में ओजकवि मोहित सक्सैना, डॉ. राजीव शर्मा निस्पृह, प्रभुदत्त उपाध्याय, डॉ. ब्रजबिहारी लाल बिरजू और रामेंद्र शर्मा रवि सहित कई कवियों ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रचनाओं का काव्यपाठ किया। डॉ. रूचि चतुर्वेदी, अमित तिवारी आजाद, डॉ. नीलम भटनागर, रश्मि सिंह, डॉ. कुसुम चतुर्वेदी, राज फौजदार, डॉ. शुभदा पाण्डेय, योगेश चन्द्र शर्मा योगी, डॉ. शेष पाल सिंह शेष, उमाशंकर पाराशर आचार्य, वंदना तिवारी, सुमन शर्मा पावक, प्रणव कुलश्रेष्ठ, राम अवतार शर्मा आदि कवियों ने भी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन प्रभुदत्त उपाध्याय ने किया, संयोजन प्रांतीय उपाध्यक्ष नन्द नन्दन गर्ग और धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री ओम स्वरूप गर्ग ने दिया। व्यवस्थाएं दीपक गर्ग ने संभालीं।

# ताजनगरी में 5-7 सितंबर को भारत रक्षा मंच का राष्ट्रीय अधिवेशन

एनएनआई



**आगरा।** देशभक्ति और सांस्कृतिक जागरण के संदेश के साथ भारत रक्षा मंच का राष्ट्रीय अधिवेशन 5 से 7 सितंबर तक गुरुद्वारा प्रांगण में भव्य रूप से होगा। 6 सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका शुभारंभ करेंगे, जबकि 5 सितंबर को कैबिनेट मंत्री बीबी रानी मौर्य प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगी।

कार्यक्रम में साध्वी प्रज्ञा सिंह सहित देशभर से 2000 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। थीम होगी– हिंदू जागो, देश जागेगा, तुम हो देश आधार। सोमवार को सिटी ढाबा, गुरु का ताल रोड स्थित कैंप कार्यालय पर पोस्टर विमोचन किया गया। राष्ट्रीय ब्रज प्रांत संगठन मंत्री श्रीनिवास गुप्ता ने बताया कि 17 अगस्त को सुबह 10 बजे प्रचार रथ और वाहन रैली दयालबाग, कमला नगर, बल्केश्वर, नेहरू नगर, जीवनी मंडी, संजय प्लेस, हरी पर्वत, करकुंज होते हुए गुरुद्वारा पहुंचेगी।

20 अगस्त को शहीद स्मारक पर दीपदान व भजन संध्या, 24 अगस्त को दीवानी चौराहा पर भारत माता की आरती व दीपदान और 30 अगस्त को भगवान टॉकीज पर बंधन सूत्र व जागरूकता पत्र वितरण होगा। इस अवसर पर राजीव जयराम राजू भैया, रवि गोयल, रिंकू पाराशर, नीरज अग्रवाल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गुरु तेग बहादुर साहिब की 350वीं शहीदी शताब्दी पर ताजनगरी में विशेष प्रदर्शनी

**आगरा।** गुरुद्वारा गुरु का ताल में गुरु तेग बहादुर साहिब की 350वीं शहीदी शताब्दी पर तीन गुरुओं से जुड़ी दुर्लभ निशानियों की विशेष प्रदर्शनी आयोजित हुई। संगत ने भारी संख्या में पहुंचकर इन ऐतिहासिक वस्तुओं के दर्शन किए। प्रदर्शनी में गुरु अंगद देव, गुरु हरगोबिंद साहिब और गुरु गोविंद सिंह से संबंधित शस्त्र, शास्त्र, सिक्के, बर्तन और विशेष पोथी पुस्तकें शामिल थीं। इन निशानियों को गुरु साहिबान के समकालीन परिवारों के वंशज डॉ. भगवान सिंह और भाई जसकरण सिंह लेकर आए। उनका कहना था कि तीन शताब्दियों से उनके पूर्वज इन धरोहरों को संरक्षित कर रहे हैं और शहीदी शताब्दी वर्ष पर इन्हें देशभर के प्रमुख गुरुद्वारों में दर्शनार्थ ले जाया जा रहा है, ताकि नई पीढ़ी गुरु साहिबान की विरासत से परिचित हो सके। गुरुद्वारे में संत बाबा प्रीतम सिंह और सेवकों ने पुष्प वर्षा के साथ इन धरोहरों का स्वागत किया और दरबार साहिब में स्थापित किया। कार्यक्रम में जत्थेदार राजेंद्र सिंह, बाबा अमरीक सिंह, महंत हरपाल सिंह, ज्ञानी केवल सिंह, ग्रंथी हरबंस सिंह, अजायब सिंह टीटू, वीर सिंह और सुशील सिंह मौजूद रहे।

# टीजड़ी मेहंदी नाइट में नृत्य और सुर का सजा संगम

## सावन की रौनक में सजी सिंधु संगम की मेहंदी महफिल

एनएनआई



**आगरा।** सिंधु सेवा संगम महानगर द्वारा सावन के टीजड़ी पर्व पर कमला नगर स्थित एफ-42 सिंधु भवन में रंगारंग ‘मेहंदी नाइट’ का आयोजन हुआ। सिंधी समाज का यह पर्व राखी के तीसरे दिन मनाया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना से हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. पदमा विश्वानी और अंजू दियालानी रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि भगवंती दीदी, यूट्यूबर कृतिका चावलानी और लक्ष्मी देवी जेठवानी थीं। 500 से अधिक महिलाओं के हाथों में मेहंदी रचाई गई। मेहंदी की महक, चेहरे की चमक और पारंपरिक गीतों ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। गायिका विद्या शर्मा और गायक मोहित अस्नानी ने मेहंदी और डांडिया गीतों से सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। शाम से रात तक झूले, तंबोला, डांस और आकर्षक सेल्फी पॉइंट ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम संचालन में भाविका दियालानी, मधु माखीजा, रश्मि बुधरानी, सिद्धि आयलानी, नैना जेठवानी, आशा माखीजा और पूजा सेवकानी की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर डॉ. कैलाश विशवानी, मेघराज दियालानी, चंद्र सोनी, प्रकाश केशवानी, जय मदनानी, पवन बत्रा सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी मेघराज दियालानी ने बताया कि आज महिलाएं सोलह श्रृंगार कर टीजड़ी माता की पूजा करेंगी। विवाहित एवं विवाह योग्य महिलाएं जल-अन्न त्याग कर दिनभर व्रत रखेंगी, कथा सुनेंगी और टीजड़ी माता को हिंडोले में झुलाएंगी।

## अपर जिलाधिकारी के आश्वासन पर टली भूख हड़ताल, टीम पापा ने 15 दिन का समय दिया



**आगरा** (एनएनआई)। निजी विद्यालयों की मनमानी और शासनादेश उल्लंघन के खिलाफ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने जा रहे आगरा प्रोग्रेसिव एसोसिएशन ऑफ पेरेंट्स (टीम पापा) के संस्थापक मनोज शर्मा को नवनियुक्त अपर जिलाधिकारी नगर यम्मुना धर चौहान के अनुरोध पर 15 दिन का समय देने पर सहमति बनी। निर्धारित समय पर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे पदाधिकारियों व अभिभावकों को एडीएम सिटी से मिलने का आग्रह किया गया। बैठक में एडीएम ने तुरंत शिक्षा अधिकारियों को निर्देश देते हुए पत्र संख्या 3271 जारी किया। टीम पापा ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिन में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन होगा। मनोज शर्मा ने कहा कि हमारा संघर्ष निजी विद्यालयों की कमीशनखोरी, महंगे पाठ्यक्रम, ड्रेस और अन्य अनियमितताओं पर दंडात्मक कार्यवाही के लिए है। उन्होंने साफ किया कि नियम पालन में लापरवाही पर प्रशासन और शिक्षा विभाग जिम्मेदार होंगे। शहर की कई संस्थाओं ने आंदोलन को समर्थन का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में अमर सिंह सेंगर, शोभित जेटली, प्रवीण सक्सेना, अरुण मिश्रा, अरुण भाटिया सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

## दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में संस्कृत सप्ताह समारोह सम्पन्न



**आगरा** (एनएनआई)। दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के संस्कृत विभाग में 5 से 11 अगस्त 2025 तक संस्कृत सप्ताह समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित हुआ। इस दौरान प्रतिदिन संस्कृत गीत गायन, संस्कृत कथा वाचन, संस्कृत चित्रकला और संस्कृत काव्य कंठपाठ जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं का संयोजन डॉ. पूजा और डॉ. शोभा भारद्वाज ने किया, जबकि निर्णायक मंडल में संगीत विभाग के डॉ. गौतम तिवारी, हिन्दी विभाग के डॉ. व्रजराज सिंह एवं डॉ. सुमन शर्मा तथा चित्रकला विभाग के डॉ. विजय शर्मा शामिल रहे। समापन समारोह 11 अगस्त को मन:कामेश्वर मंदिर के महंत योगेश पुरी के व्याख्यान के साथ हुआ। उन्होंने संस्कृत भाषा के महत्व, श्रावण मास, शिव और विज्ञान के परस्पर संबंध पर प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए। संस्थान के निदेशक प्रो. बी. पटबर्धन ने संस्कृत को सभी भाषाओं की जननी बताते हुए विभाग को बधाई दी। कार्यक्रम में कला संकाय अध्यक्ष प्रो. नीलू शर्मा, संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता, डॉ. निशीथ गौड़, डॉ. नमस्या, डॉ. रुबीना सक्सेना, डॉ. इन्दु शर्मा समेत अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। संचालन डॉ. पूजा ने किया।

